yashbharat.co.in

नये जमाने के साथ..

# यश भारत

● वर्ष- 20 अंक-48 ● जबलपुर ● रविवार, 22 मार्च, 2026 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● चैत्र कृष्ण पक्ष 4 ● विक्रम संवत् 2083

खुशियाँ छोटी चीजों में छुपी होती हैं। धन ज्यादा होने से खुशियाँ नहीं बढ़तीं।

रोजाना नया कॉलम
देखे पेज 7 पर




## भारत का कट्टर दुश्मन बिलाल आरिफ सलफी धुरंधर स्टाइल में मारा गया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के मुरिदके में लश्कर ए तैयबा के हाई सिक्योरिटी मुख्यालय 'मरकज तैयबा' में ईद की नमाज के तुरंत बाद संगठन के वरिष्ठ कमांडर बिलाल आरिफ सलाफी को मौत के घाट उतार दिया गया. जिस तरह धुरंधर फिल्म में हमजा के किरदार में दिखे रणवीर सिंह 'रहमान डकैत' का अंत उसी के सबसे सुरक्षित इलाके 'ल्यारी' में घुसकर करते हैं, उसी तरह बिलाल को लश्कर के सबसे अभेद्य किले 'मुरीदके' के अंदर घुसकर मारा गया. बिलाल को पहले गोली मारी गई और फिर चाकू से गोदकर उसकी हत्या की गई. बिलाल की हत्या के बाद पाकिस्तान में छिपे हाफिज सईद जैसे आतंकी आकाओं में हड़कंप है.बिलाल आरिफ सलाफी लश्कर-ए-तैयबा का एक महत्वपूर्ण कमांडर था. वह संगठन में युवाओं की भर्ती, कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने और ट्रेनिंग देने की जिम्मेदारी संभालता था. खासकर 'कश्मीर जिहाद' के लिए युवाओं को रैडिकल बनाना और उन्हें संगठन से जोड़ना उसकी मुख्य भूमिका थी. मुरिदके के मरकज तैयबा में उसकी मौजूदगी संगठन की मजबूती का प्रतीक मानी जाती थी. वह संगठन की रीढ़ की हड्डी जैसा था, जिसकी वजह से उसकी हत्या को महज एक सामान्य घटना नहीं माना जा रहा.



## असम पुलिस कमांडो बटालियन के कैंप पर ग्रेनेड अटैक

### दावा- उल्फा उग्रवादियों ने हमला किया, 5 कमांडो घायल

**तिनसुकिया, ईएमएस।** असम के तिनसुकिया जिले के जगुन में ULFA(I) के संदिग्ध उग्रवादियों ने शनिवार रात असम पुलिस कमांडो बटालियन के कैंप पर घात लगाकर हमला किया। नॉर्थ ईस्ट की मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कैंप पर रात 2 बजे लगभग 5 RPG दागे गए, साथ ही कई राउंड गोलियां भी चलाई गईं। इस हमले में असम पुलिस के पांच कमांडो घायल हुए हैं। इन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है।

## मिडिल ईस्ट में जंग खतरनाक मोड़ पर

# ट्रम्प का ईरान को अल्टीमेटम- होर्मुज खोलें नहीं तो पावर प्लांट तबाह करेंगे

### ईरान बोला- अमेरिका-इजराइल के वाटर प्लांट उड़ा देंगे



*तेल अवीव/ तेहरान/ वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होनें कहा कि अगर 48 घंटे के भीतर होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह नहीं खोला गया, तो अमेरिका ईरान के पावर प्लांट पर हमला करेगा। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रविवार को लिखा, 'अगर ईरान 48 घंटे के भीतर होर्मुज को नहीं खोलता है, तो अमेरिका ईरान के पावर प्लांट पर हमला करेगा और उन्हें तबाह कर देगा और शुरुआत सबसे बड़े प्लांट से होगी। वहीं, ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर उसके पावर प्लांट को निशाना बनाया गया, तो वह मिडिल ईस्ट में अमेरिका और इजराइल से जुड़े सभी ऊर्जा ढांचे पर हमला करेगा। ईरान के खातम अल-अनबिया सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता इब्राहिम जुल्फाघारी ने कहा कि ईरान अमेरिका और इजराइल से जुड़े समुद्री पानी को मीठा बनाने वाले प्लांट (डिसेलिनेशन प्लांट) और आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी हमला करेगा।*



### कतर का हेलिकॉप्टर तकनीकी खराबी आने के बाद क्रैश हुआ

कतर का हेलिकॉप्टर नियमित ड्यूटी के दौरान तकनीकी खराबी आने के बाद क्षेत्रीय समुद्री इलाके में क्रैश हो गया। कतर के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, हेलिकॉप्टर में सवार चालक दल और यात्रियों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। फिलहाल हादसे में कितने लोग थे और उनकी स्थिति क्या है, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

### ईरान में 20 दिन के नवजात की मौत, अंतिम संस्कार हुआ

ईरान में 20 दिन के एक बच्चे मोहम्मद अली कयालहा की मौत पर शोक मनाया गया। फार्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, कजविन शहर में इस बच्चे के लिए अंतिम संस्कार समारोह आयोजित किया गया।तेहरान टाइम्स के मुताबिक, यह बच्चा तेहरान के मजीदियेह रिहायशी इलाके में हुए हमले में अपनी मां और भाई के साथ मारा गया। रिपोर्ट के अनुसार, 28 फरवरी से अब तक ईरान में 204 बच्चों की मौत हो चुकी है।

### दावा-ईरान ने हीट ट्रैकिंग मिसाइल से अमेरिकी F-35 को गिराया

ईरान ने 19 मार्च को दुनिया के सबसे एडवांस अमेरिकी फाइटर जेट एफ-35 को गिराने का दावा किया। ईरानी मीडिया प्रेस टीवी के मुताबिक ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने अपने स्वदेशी 'मजीद' एयर डिफेंस सिस्टम के जरिए इसे मार गिराया।अगर यह सच है तो ईरान पहला ऐसा देश होगा जो ऐसा कर पाया है। एफ-35 फाइटर जेट को करीब दो दशकों से अमेरिकी सैन्य ताकत का सबसे बड़ा प्रतीक माना जाता रहा है। यह सबसे प्रीमियम फाइटर जेट है, जिसे खास तौर पर इस तरह बनाया गया है कि वह दुनिया के सबसे मजबूत एयर डिफेंस सिस्टम में भी बिना पकड़े घुसकर हमला कर सके।ईरान का दावा है कि उसने इस 'अदृश्य' माने जाने वाले जेट की कमजोरी पकड़ ली है। मजीद डिफेंस सिस्टम ने एफ-35 से निकली इंफ्रारेड यानी गर्मी को पकड़कर उसे निशाना बनाया गया। ईरान का कहना है कि एफ-35 भले ही रडार से बचने में सक्षम हो, लेकिन उसके इंजन से निकलने वाली गर्मी को पूरी तरह छिपाया नहीं जा सकता। वहीं, अमेरिकी वेबसाइट ष्टहह ने भी सूत्रों के हवाले से बताया था कि ईरान के हमलों की वजह से एफ-35 को मिडिल ईस्ट में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी है।

### ईरान का इजराइली शहर पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला

ईरान ने शनिवार रात इजराइल के दक्षिणी शहर डिमोना पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया, जिससे करीब 20 लोग घायल हो गए। डिमोना वही शहर है जहां इजराइल का न्यूक्लियर प्रोग्राम सेंटर है।

### ईरान ने इजरायल के 2 परमाणु ठिकानों डिमोना अराद पर दागी मिसाइल

मिडिल ईस्ट में छिड़ी जंग भीषण रूप लेती जा रही है। बीते दिन इजरायल-अमेरिका ने ईरान के नतांज परमाणु ठिकाने पर हमला किया। इससे ईरान बौखला गया और बीती रात इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागी। ईरान के इजरायल के डिमोना और अराद परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया। दोनों इलाकों में हुए हमले में 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। हालांकि न्यूक्लियर रेडिएशन नहीं हुआ है, लेकिन लोगों की जान को खतरा पैदा हुआ है। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका अपने लक्ष्य पूरे करने वाला है और युद्ध खत्म होने वाला है, लेकिन सच्चाई कुछ और नजर आ रही है। ईरान ने इजरायल और सऊदी अरब पर हमले बढ़ा दिए हैं। हिंद महासागर में अमेरिका-ब्रिटेन मिलिट्री बेस डिएगो गार्सिया पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के नतांज परमाणु केंद्र पर हमला किया तो ईरान ने बदला लेते हुए इजरायल के 2 परमाणु ठिकानों डिमोना और अराद में मिसाइल अटैक कर दिया।

# बीजाडांडी में भीषण सड़क हादसा, पुलिया से गिरी बाइक, 4 युवकों की दर्दनाक मौत



**मंडला, यशभारत।** मंडला जिले के बीजाडांडी थाना क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक सड़क हादसे में चार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना भैंसवाही गांव के पास हुई, जहां एक मोटरसाइकिल पुलिया से नीचे गिर गई। घटना से क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है, तो वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है बताया जा रहा है कि मोटरसाइकिल पर चार युवक सवार थे। पुलिया से गिरने के कारण सभी चारों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 और बीजाडांडी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी शवों को बीजाडांडी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। बीजाडांडी थाना प्रभारी अनीता कुडोपो ने चार मौत की पुष्टि की है किंतु शिनाख्त अभी बाकी है ।जिसके प्रयास तेज कर दिए गए है।।फिलहाल एक साथ नव युवा की मौत एक बाइक में चार का सवार होना,नियंत्रण छूटना,या नशा जो भी हो या कोई अज्ञात वाहन की टक्टर , सभी पहलू पर जांच जारी है।कयास लगाये जा रहे है की मृतक आस पास के ग्राम के होंगे या फिर मेहमानी में आये होंगे। शवों को बीजा डांडी हॉस्पिटल में रखा गया है।

# आप बॉस, अमेरिका इजरायल को रोकें

### ईरानी राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को बताई जंग रोकने की शर्त




**तेहरान, नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान और अमेरिका-इजरायल जंग के बीच ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर अहम बातचीत में बड़ी अपील की. जंग शुरू होने के बाद दोनों नेताओं के बीच दूसरी फोन वार्ता थी. पेजेश्कियन ने भारत से कहा कि BRICS के मौजूदा अध्यक्ष के रूप में आप अपनी स्वतंत्र भूमिका का इस्तेमाल करें. उन्होंने कहा, आप BRICS के बॉस हैं , और ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल की आक्रामकता को रोकने में सक्रिय कदम उठाएं. BRICS को क्षेत्रीय और वैश्विक शांति की रक्षा में योगदान देना चाहिए. प्रधानमंत्री मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति ईद और नवरोज की शुभकामनाएं दीं. पेजेश्कियान ने साफ कहा कि ईरान ने युद्ध की शुरुआत नहीं की, बल्कि अमेरिका और इजरायल ने बिना किसी वैध कारण के सैन्य हमले शुरू किए. उन्होंने दावा किया कि इन हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई, कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी और निर्दोष नागरिक मारे गए. एक उदाहरण देते हुए कहा कि अमेरिका ने पड़ोसी देशों के ठिकानों से मिनाब शहर के एक गर्ल्स स्कूल पर हमला किया, जिसमें 168 मासूम बच्चियों की मौत हुई. अमेरिका के दावे को किया खारिज ईरानी राष्ट्रपति ने अमेरिका के उस दावे को सिरे से खारिज किया कि अमेरिका ने ईरान को परमाणु हथियार रोकने के लिए हमला किया।

### पीएम मोदी ने क्या कहा?

पीएम मोदी ने क्षेत्र में महत्वपूर्ण ऊर्जा और बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की. कहा कि ऐसे हमले वैश्विक खाद्य-ऊर्जा सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला के लिए गंभीर खतरा हैं. स्ट्रेट ऑफ होर्मुज और फारस की खाड़ी में जहाजों के निर्बाध आवागमन और नौवहन की स्वतंत्रता पर जोर दिया, क्योंकि यह भारत सहित दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति का महत्वपूर्ण मार्ग है. मोदी का स्पष्ट संदेश था कि जंग किसी के हित में नहीं है, सभी पक्षों को कूटनीति और संवाद से शांति के रास्ते पर लौटना चाहिए. उन्होंने ईरान में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए ईरानी पक्ष के सहयोग की सराहना की.

## मोदी सबसे ज्यादा दिन सरकार प्रमुख रहने वाले राजनेता

### सीएम और पीएम मिलाकर 8931 हेड ऑफ गवर्नमेंट रहे

नई दिल्ली , यशभारत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत में सबसे लंबे समय तक सरकार के प्रमुख रहने वाले नेता बन गए हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के तौर पर सरकार के प्रमुख के रूप में 8,931 दिन पूरे करने के साथ ही PM मोदी ने चामलिंग के 8,930 दिनों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। उन्होंने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग को पीछे छोड़ दिया है। पीएम मोदी इससे पहले गुजरात के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले मुख्यमंत्री रह चुके हैं, और वे ऐसे प्रधानमंत्री भी हैं जिनके पास मुख्यमंत्री के तौर पर काम करने का सबसे लंबा अनुभव है। 17 सितंबर को जन्मे नरेंद्र मोदी 6 साल की उम्र में ही कांग्रेस की ओर से महागुजरात आंदोलन का हिस्सा बने। फिर 8 साल की उम्र में RSS से जुड़ गए थे। 7 अक्टूबर 2001 को 51 साल की उम्र में बिना विधायक बने ही मोदी गुजरात के 14वें मुख्यमंत्री बने। 24 सालों में 14 साल गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और अब तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री हैं।

## मध्य-पूर्व में जारी जंग के बीच खुशखबरी!

# LPG लेकर भारत के पोर्ट पर पहुंचा जहाज



**मंगलुरु, एजेंसी।** ( मध्य-पूर्व में जारी ईरान-इजरायल टेंशन के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर आई है। जहां एक तरफ ग्लोबल लेवल पर एनर्जी सप्लाई को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है, वहीं दूसरी तरफ भारत के न्यू मंगलुरु पोर्ट पर LPG की बड़ी खेप लेकर एक कार्गो जहाज पहुंच गया है। कार्गो जहाज PYXIS PIONEER आज (रविवार को) न्यू मंगलुरु बंदरगाह पर लंगर डालकर रुका। पोर्ट अफसरों के अनुसार, यह कार्गो जहाज लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस की बड़ी मात्रा लेकर भारत आया है, जिससे देश में गैस की सप्लाई को मजबूती मिलेगी। ऐसे वक्त में जब ईरान-इजरायल के बीच बढ़ती टेंशन की वजह से मध्य-पूर्व एशिया में तेल और गैस सप्लाई पर प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है, तब यह जहाज LPG लेकर भारत पहुंचा है। यह खेप भारत के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर मिडिल-ईस्ट एशिया में हालात और बिगड़ते हैं, तो ग्लोबल एनर्जी मार्केट में कीमतों में उछाल आ सकता है। साथ ही, सप्लाई में बाधा भी पहुंच सकती है। भारत जैसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ता देश के लिए मिडिल-ईस्ट में जारी जंग के बीच वैकल्पिक स्रोतों से ईंधन और गैस की उपलब्धता बहुत जरूरी हो जाती है। PYXIS PIONEER का वक्त पर पहुंचना इसी दिशा में एक सकारात्मक इशारा माना जा रहा है।

### LPG की अनलोडिंग का काम हुआ शुरू

फिलहाल, न्यू मंगलुरु बंदरगाह पर जहाज से LPG उतारने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए सभी जरूरी जांच की जा रही है, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना ना रहे। इस तरह की सप्लाई भारत को ग्लोबल क्राइसिस के समय स्थिरता बनाए रखने में सहयोग करेगी। गौरतलब है कि ईरान-इजरायल जंग के बीच यह खबर आम लोगों के लिए भी राहत भरी है, क्योंकि इससे घरेलू गैस की उपलब्धता और दाम पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

# सोशल मीडिया ट्रायल पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

### CJI सूर्यकांत बोले- यह निष्पक्ष सुनवाई के लिए गंभीर खतरा



**नई दिल्ली, ईएमएस।** सुप्रीम कोर्ट ने इस बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताई है कि लोग मोबाइल फोन से बनाए गए वीडियोको तुरंत सोशल मीडिया पर अपलोड कर देते हैं। कहा कि ऐसी गतिविधियां निष्पक्ष सुनवाई के लिए गंभीर खतरा पैदा करती हैं। अदालत एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि पुलिस आरोपी लोगों के वीडियोऔर तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड करती है, जिससे लोगों के मन में पूर्वाग्रह पैदा होता है।याचिका में तर्क दिया गया कि अदालत ने एक अन्य मामले में पहले ही राज्यों को पुलिस की मीडिया ब्रीफिंग के लिए दिशा-निर्देश बनाने को कहा है, और इसमें सोशल मीडिया पोस्ट भी शामिल होंगे। पीठ ने सुझाव दिया कि बेहतर होगा कि याचिका वापस लेकर अप्रैल के बाद, जब पुलिस के लिए दिशा-निर्देश या स्क्कलागू हो जाए, तब इसे विस्तृत दायरे के साथ फिर से दाखिल किया जाए। अदालत के सुझाव को स्वीकार करते हुए शंकरनारायणन ने याचिका वापस लेने पर सहमति जताई। मामले पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, कुछ ऐसे प्लेटफॉर्म हैं जो केवल वर्चुअल रूप में मौजूद है और वे ब्लैकमेलर हैं। सहमति जताते हुए CJI सूर्यकांत ने कहा कि यह किसी प्रकार की डिजिटल गिरफ्तारी ही है। हाल ही में, सीजेआई की अगुवाई वाली पीठ ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि वह उन सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं और वेबसाइटों की पहचान करें जिन्होंने एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक विवाद पर अदालत के आदेश के बाद गैर-जिम्मेदाराना सामग्री पोस्ट की थी। सीजेआई ने पहले भी ऑनलाइन मीडिया को विनियमित करने की आवश्यकता व्यक्त की थी।

## लड़के-लड़की की फ्रेंडशिप पर HC का बड़ा फैसला

### आरोपी को जमानत देने से इनकार

**नई दिल्ली, यशभारत।** लड़की के साथ दोस्ती को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट ने पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई की। बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी को रेगुलर बेल देने से साफ इनकार कर दिया। साथ ही कहा कि वैलेंटाइन डे पर लड़की से दोस्ती हो गई तो इसका मतलब यह नहीं कि उससे संबंध बनाने का लाइसेंस मिल गया। बहाने से घर बुलाकर उसके साथ संबंध बनाना भी अपराध है।दिल्ली हाईकोर्ट ने पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में आरोपी को नियमित जमानत देने से इनकार कर दिया है। आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि वैलेंटाइन डे पर किसी लड़की का किसी लड़के से दोस्ताना होना, उसके साथ जबर्दस्ती यौन संबंध बनाने का लाइसेंस नहीं है।



## महासमुंद में खल्लारी मंदिर में रोप-वे का केबल टूटा, 8 श्रद्धालु घायल

**महासमुंद, यशभारत।** खल्लारी स्थित प्रसिद्ध खल्लारी मंदिर में रविवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। मंदिर में संचालित रोप-वे का केबल अचानक टूट गया। घटना के समय रोप-वे में श्रद्धालु सवार थे, जिससे अफरा-तफरी मच गई। केबल टूटते ही ट्रॉली झटके के साथ नीचे की ओर आई, जिससे उसमें बैठे लोग घायल हो गए। हादसे में कुल 8 श्रद्धालु घायल हुए हैं, जिनमें कुछ को गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद लोगों और मंदिर प्रबंधन व पुलिस ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल महासमुंद भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है।

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। एहतियात के तौर पर रोप-वे सेवा को तत्काल बंद कर दिया गया है। प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी को हादसे का कारण माना जा रहा है, हालांकि विस्तृत जांच के आदेश दे दिए गए हैं। स्थानीय लोगों ने रोप-वे की नियमित जांच और सुरक्षा मानकों के पालन में लापरवाही का आरोप लगाया है। प्रशासन ने मामले में जांच कर दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ज्ञात हो कि नवरात्र जारी है और मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ है। महासमुंद जिले के प्रसिद्ध खल्लारी माता मंदिर में रोप-वे की सुविधा अप्रैल 2024 चैत्र नवरात्रि से पूरी तरह से संचालित है, जिससे श्रद्धालुओं को 842-981 सीढ़ियां चढ़ने की थकान से मुक्ति मिल गई है। रोप-वे का भूमिपूजन 2021 में किया गया था। इसका निर्माण कोलकाता की कंपनी रोपवे एंड रिसॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने किया।रोप-वे का संचालन मंदिर ट्रस्ट और स्थानीय प्रशासन के समन्वय से नियमित रूप से भक्तों के लिए किया जा रहा है। चैत्र नवरात्र में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ी हुई है। इस रोप-वे परियोजना का निर्माण मंदिर ट्रस्ट और कोलकाता की इस निजी कंपनी ने मिलकर किया है। इस रोप-वे में कुल चार ट्रॉली लगाई गई हैं, जिसमें प्रत्येक ट्रॉली में 4 व्यक्ति बैठ सकते हैं।

# हवाई सफर हो सकता है महंगा, घरेलू फ्लाइट्स का किराया 23 मार्च से बढ़ा सकेंगी एयरलाइंस



**नई दिल्ली, यशभारत।** अगर आप आने वाले दिनों में हवाई यात्रा की योजना बना रहे हैं. तो अपनी जेब थोड़ी और ढीली करने के लिए तैयार हो जाइए. अब एयरलाइन कंपनियां घरेलू फ्लाइट्स का किराया सीटों की मांग की हिसाब से बढ़ा सकेंगी। सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने हवाई किराए पर लगी रोक को हटा दिया है। आदेश के मुताबिक यह फैसला 23 मार्च से लागू होगा। पिछले साल दिसंबर में इंडिगो की उड़ानों में आई रुकावटों के बाद फेयर कैप लगाया लगाया गया था। सरकार ने एयरलाइंस का अधिकतम किराया 18000 तय किया था। एयरलाइन इससे ज्यादा दाम नहीं ले सकती थीं। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने स्पष्ट किया कि एटीएफ की कीमतें हर महीने की पहली तारीख को तय की जाती हैं. इसलिए तेल की वैश्विक कीमतों में हो रहे बदलावों का सीधा असर अप्रैल की शुरुआत से दिखाई दे सकता है. सरकार इस मुद्दे पर लगातार एयरलाइंस के साथ चर्चा कर रही है ताकि बीच का कोई रास्ता निकाला जा सके और परिचालन प्रभावित न हो.

### क्यों बढ़ रहा है दबाव?

विमानन ईंधन यानी एटीएफ किसी भी एयरलाइन के संचालन खर्च का लगभग 35 से 45 प्रतिशत हिस्सा होता है. पश्चिम एशिया (मिडिल ईस्ट) में जारी भू-राजनीतिक अस्थिरता के कारण वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हैं. जिसका सीधा असर हवाई ईंधन की दरों पर पड़ता है. नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा कि यह केवल एक विभाग का मामला नहीं है. बल्कि इसमें नागरिक उड्डयन. विदेश मंत्रालय और पेट्रोलियम मंत्रालय को मिलकर काम करना होगा. सरकार की प्राथमिकता यह है कि यात्रियों को अचानक लगने वाले किराए के झटके से बचाया जा सके. लेकिन उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि ईंधन की बढ़ती कीमतों का असर पड़ना तय है. ईंधन की कीमतों के अलावा एयरलाइंस एक और बड़ी चुनौती का सामना कर रही हैं. सुरक्षा कारणों से कुछ उच्च जोखिम वाले हवाई क्षेत्रों से बचने की सलाह दी गई है।












# साइबर ठगों के निशाने पर खाकी

# कानून के रखवालों के खाते भी नहीं सुरक्षित

## जनता को जागरूक करने वाली पुलिस खुद डिजिटल जाल में फंस रही

जबलपुर, यशभारत।

**डिजिटल दौर ने जहां सुविधाओं की दुनिया खोली है, वहीं साइबर अपराधियों को भी ठगी के नए-नए रास्ते दे दिए हैं। शहर में साइबर ठगी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और अब हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि कानून व्यवस्था संभालने वाली खाकी भी इन शातिरों के निशाने पर आ गई है। जनता को साइबर अपराध से सावधान रहने की सीख देने वाले पुलिसकर्मी स्वयं डिजिटल जाल में उलझकर अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं।**

पुलिस अभिलेखों में हाल के दिनों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें साइबर ठगों ने पुलिस जवानों और सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को शिकार बनाकर उनके बैंक खातों से लाखों रुपये पार कर दिए। इन घटनाओं ने न सिर्फ पुलिस महकमे की चिंता बढ़ा दी है, बल्कि यह गंभीर सवाल भी खड़ा कर दिया है कि जब कानून के रक्षक ही साइबर अपराधियों से सुरक्षित नहीं हैं, तो आम नागरिक कितने असुरक्षित होंगे।

**ठगी के नए पैंतरे: बिजली बिल, स्मार्ट मीटर और मोबाइल के जरिये वार-** मार्च माह में सामने आए मामलों की जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि साइबर अपराधी लोगों को फंसाने के लिए बेहद सुनियोजित तरीके अपना रहे हैं। कहीं बिजली बिल अपडेट कराने का झांसा दिया गया, तो कहीं स्मार्ट मीटर अपडेट और रिफंड दिलाने के नाम पर मोबाइल हैक कर बैंक खातों से रकम उड़ा ली गई। इतना ही नहीं, गुम हुए मोबाइल फोन का दुरुपयोग कर भी खातों में सेंध लगाई गई। साइबर ठग अब पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़ चुके हैं और वे तकनीकी झांसे, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक और मोबाइल एक्सेस के जरिये सीधे खातों तक पहुंच बना रहे हैं। यही वजह है कि मामूली सी असावधानी भी भारी आर्थिक नुकसान में बदल रही है।

## साइबर अपराधियों की सेंध से खाकी महकमे में बढ़ी चिंता



## प्रमुख मामले

### केस 1: बिजली बिल अपडेट कराने के नाम पर प्रधान आरक्षक से ठगी

विनायक नगर चरगवां निवासी नरेन्द्र कुमार, आईटीबीपी की 36वीं बटालियन में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं। उन्हें बिजली बिल अपडेट कराने के नाम पर साइबर ठग ने अपने झांसे में लिया। आरोपी ने मोबाइल हैक कर उनके बैंक खाते से 1 लाख 83 हजार 998 रुपये निकाल लिए। इस मामले में 13 मार्च को गोराबाजार थाना में एफआईआर दर्ज की गई।

### केस 2: गुम मोबाइल बना ठगी का जरिया, रिटायर्ड पुलिसकर्मी के खाते से 4.44 लाख पार

गोरखपुर निवासी मधुसूदन पांडे, जो पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हैं, उनके गुम हुए मोबाइल फोन का फायदा उठाकर साइबर अपराधियों ने बैंक खाते में सेंध लगा दी। ठगों ने शातिराना तरीके से उनके खाते से 4.44 लाख रुपये पार कर दिए। मामले की शिकायत पर 14 मार्च को एफआईआर दर्ज कराई गई।

### केस 3: स्मार्ट मीटर अपडेट और रिफंड के नाम पर आरक्षक को लगा चूना

कजरवारा निवासी आरक्षक गौतम सिंह को साइबर ठग ने फोन कर स्वयं को विद्युत मंडल जबलपुर का कर्मचारी बताया। आरोपी ने स्मार्ट मीटर अपडेट कराने और रिफंड दिलाने का लालच देकर उनका मोबाइल हैक कर लिया। इसके बाद उनके खाते से 1.50 लाख रुपये उड़ा दिए गए।

## जरा सी चूक और खाते से रकम गायब

साइबर ठगों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि वे बिना किसी भय के कानून के रखवालों को भी अपना निशाना बना रहे हैं। हाल के दिनों में पुलिसकर्मियों के साथ हुई ठगी की घटनाओं ने महकमे की चिंता बढ़ा दी है। पूर्व में भी कई पुलिसकर्मी साइबर ठगी का शिकार हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद इस तरह की घटनाओं में कमी नहीं आ रही। साइबर विशेषज्ञों का कहना है कि चाहे आम नागरिक हो या वर्दीधारी, बचाव का सबसे प्रभावी तरीका सतर्कता ही है। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचना, फोन पर मिली जानकारी पर तुरंत भरोसा न करना और बिना पुष्टि किसी को बैंकिंग या मोबाइल एक्सेस से जुड़ी जानकारी न देना ही सुरक्षा की पहली शर्त है।

## ठगों तक पहुंचने में पुलिस नाकाम

साइबर ठगी के मामलों में पुलिस प्रकरण तो दर्ज कर लेती है, लेकिन अधिकांश मामलों में अपराधियों तक पहुंचना अब भी बड़ी चुनौती बना हुआ है। थाना पुलिस साइबर सेल की मदद से जांच शुरू करती है, तकनीकी पड़ताल भी की जाती है, लेकिन लंबी जांच के बाद कई मामले ठंडे बस्ते में चले जाते हैं। केस डायरी बंद हो जाती है और फाइलें थानों में धूल खाती रह जाती हैं। स्थिति यह है कि अधिकतर मामलों में पुलिस के पास आरोपियों की स्पष्ट पहचान, सही पता या ठोस सुराग तक नहीं पहुंच पाता। मुखबिर तंत्र, तकनीकी निगरानी और जांच तंत्र की सीमाएं भी इन मामलों में उजागर हो रही हैं। दर्जनों घटनाओं में से केवल गिने-चुने मामलों का ही खुलासा हो पाता है।

**निष्कर्षः वर्दी तक पहुंच चुके साइबर अपराध, खतरे की घंटी-** पुलिसकर्मियों के साथ हो रही साइबर ठगी की ये घटनाएं केवल आपराधिक वारदात भर नहीं हैं, बल्कि यह व्यवस्था के लिए भी चेतावनी हैं। साइबर अपराधी अब आम लोगों के साथ-साथ वर्दीधारियों तक को निशाना बना रहे हैं। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि साइबर जागरूकता केवल अभियान तक सीमित न रहे, बल्कि पुलिस बल के भीतर भी तकनीकी सतर्कता और प्रशिक्षण को और मजबूत किया जाए।

## कर्मचारी संघ चुनाव

### प्रचार के लिए प्रत्याशियों के पास सिर्फ दो दिन, सभी पदों पर त्रिकोणीय मुकाबला



**जबलपुर यश भारत।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में चल रहे कर्मचारी संघ चुनाव में प्रचार के लिए प्रत्याशियों के पास अब केवल दो दिन 23 एवं 24 मार्च का समय शेष बचा है। अवकाश के चलते फिलहाल प्रचार-प्रसार का क्रम घर-घर जारी है, जहां प्रत्याशी कर्मचारियों के घर पहुंचकर समर्थन जुटा रहे हैं। सोमवार से विश्वविद्यालय खुलने के साथ ही पूरे परिसर में चुनावी माहौल तेज हो जाएगा और हर ओर प्रचार-प्रसार देखने को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि 25 मार्च को कर्मचारी संघ का चुनाव होना है। 18 मार्च को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब प्रत्याशियों की स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो चुकी है, जिसके बाद सभी उम्मीदवार चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं।

**सभी पदों पर त्रिकोणीय मुकाबला-** जानकारी के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए प्रेम प्रकाश पुरोहित, संजय यादव और वीरेंद्र सिंह पटेल मैदान में हैं। वहीं उपाध्यक्ष के दो पदों के लिए 6 प्रत्याशी, महासचिव पद के लिए 3, संयुक्त सचिव के लिए 3, कोषाध्यक्ष पद के लिए 3 तथा कार्यकारिणी सदस्य के 5 पदों के लिए 15 प्रत्याशी मैदान में हैं। इस प्रकार लगभग सभी पदों पर तीन-तीन उम्मीदवारों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है।

## इंडियन कॉफी हाउस में सांसद आशीष दुबे का अभिनंदन




**जबलपुर यश भारत।** करमचंद चौक स्थित इंडियन कॉफी हाउस में सांसद आशीष दुबे का भव्य अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में उन्होंने कॉफी हाउस की ऐतिहासिक भूमिका और शहर की सांस्कृतिक पहचान में उसके योगदान की सराहना करते हुए कर्मचारियों के हित में हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। सांसद ने कहा कि जबलपुर-गोंदिया रेलवे लाइन के दोहरीकरण से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और दक्षिण भारत से सीधा जुड़ाव मजबूत होगा। उन्होंने बताया कि 5236 करोड़ रुपये से अधिक की इस परियोजना से व्यापार, परिवहन और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ, शॉल और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। अध्यक्ष के. राजगोपालन, सचिव एम. प्रकाशन और सीनियर जनरल मैनेजर वी.एम. बाबू सहित बड़ी संख्या में सदस्य और नागरिक उपस्थित रहे।

## आईआईआईटीडीएम जबलपुर में रक्तदान शिविरः 87 यूनिट रक्त संग्रहित



**जबलपुर,यशभारत।** जबलपुर स्थित PDPM IIITDM जबलपुर परिसर में जागृति छात्र संगठन एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। थैलेसीमिया एवं सिकल सेल के मरीजों सहित अन्य जरूरतमंदों को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस शिविर में संस्थान के निदेशक प्रो भारतेन्दु कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं प्रो. एम. के. राय के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। वहीं रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकारिणी सदस्य सुनील गर्ग की विशेष उपस्थिति रही। चिकित्सकीय व्यवस्था में डॉ अमिता जैन एवं डॉ अर्चना शुक्ल ने अपनी टीम के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर में छात्रों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसके परिणामस्वरूप कुल 87 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। जागृति संगठन के सदस्यों ने प्रतिभागियों को प्रेरित करने में अहम योगदान दिया।

## टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा में प्रविष्टियां 24 तक

**जबलपुर यश भारत।** ओ.एफके. लेबर यूनियन द्वारा विगत् 26 वर्षों से कॉमरेड रामशंकर रजक की स्मृति में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का हो रहा है। उसी तारतम्य में इस वर्ष भी इस रात्रिकालीन प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय ओलम्पिक ग्राउंड खमरिया में मुख्य अतिथि शैलेष वगेरवाल (मुख्य महाप्रबंधक आयुध निर्माणी खमरिया) के मुख्य आतिथ्य में 25 मार्च को शुभारंभ किया जा रहा है। आयोजन समिति ने जबलपुर एवं



आस-पास के सभी क्रिकेट क्लब की टीमों से इस प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है। प्रतियोगिता नॉक आउट आधार पर खेली जाएगी एवं प्रत्येक मैच 10-10 ओवर का होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रविष्टि फार्म यूनियन कार्यालय में उपलब्ध है। फार्म भरने की अंतिम तिथि 24/03/2026 है। यूनियन के अध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह एवं महामंत्री सुकेश दुबे ने सभी खेल प्रेमियों से इस आयोजन में उपस्थित होने की अपील की है, जानकारी हेतु दुरभाष नं.- 07612743739 पर संपर्क करें।

## रामनवमी पर निकलेगी भव्य श्रीराम रथ यात्रा, हनुमान बाग धाम में तैयारियां तेज

**जबलपुर,यशभारत।** गढ़ा स्थित हनुमान बाग धाम में रामनवमी के पावन अवसर पर इस वर्ष भी भव्य श्रीराम रथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। 27 मार्च को शाम 4 बजे से निकलने वाली यह रथ यात्रा नगर में धार्मिक आस्था और उत्साह का केंद्र बनेगी। धाम के संस्थापक ब्रजेश मिश्रा ने बताया कि यह रथ यात्रा का दसवां वर्ष है। आयोजन की शुरुआत मंदिर के गर्भगृह में विराजित भगवान श्रीराम के विग्रह का अभिषेक और विधि-विधान से पूजन-अर्चन के साथ होगी। इसके बाद भगवान श्रीराम रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान करेंगे।

## लगातार चौथी बार नंबर-1 बना जबलपुर निगम सीएम हेल्पलाइन में 99.16 प्रतिशत निराकरण

**जबलपुर, यश भारत।** नगर निगम जबलपुर ने एक बार फिर प्रदेश स्तर पर अपनी कार्यकुशलता का परचम लहराया है। सी.एम. हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में निगम ने लगातार चौथी बार प्रथम स्थान हासिल करते हुए बड़ी उपलब्धि दर्ज की है।

**99.16% प्रकरणों का समाधान, ए ग्रेड से सम्मानित-** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन और सतत मॉनिटरिंग के चलते नगर निगम ने वेटेज स्कोर के आधार पर 99.16 प्रतिशत शिकायतों का सफल निराकरण किया। फरवरी 2026 की जारी ग्रेडिंग में जबलपुर नगर निगम को ए ग्रेड के साथ प्रदेश में पहला स्थान मिला है।

2723 शिकायतों में से अधिकांश का संतोषजनक समाधान- प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 2,723 शिकायतों में से लगभग 59.34 प्रतिशत मामलों में शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी संतुष्टि के बाद ही निराकरण किया गया। यह पहल नगर निगम की कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी




और जन-केंद्रित बनाती है।

**संतुष्टि के बाद ही बंद किए गए प्रकरण-** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि अधिकतर मामलों में शिकायतकर्ता की संतुष्टि को प्राथमिकता दी गई। जब तक शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं हुए, तब तक प्रकरणों को बंद नहीं किया गया।

**टीमवर्क और मॉनिटरिंग बनी सफलता की कुंजी-** उन्होंने बताया कि अधिकारियों और कर्मचारियों को लगातार सही दिशा-निर्देश और मार्गदर्शन दिया गया, जिसका परिणाम यह उपलब्धि है। नगर निगम की टीमों ने जमीनी स्तर पर काम करते हुए समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया।

## इस बार लगेगा बुक बैंक का स्टॉल विद्यार्थियों से किताबें दान की अपील

**जबलपुर यश भारत।** स्कूली बच्चों और अभिभावकों को रियायती दर पर पाठ्य पुस्तकें, कापियां एवं गणवेश उपलब्ध कराने इस वर्ष भी शहर के हृदय स्थल गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में 25 मार्च से 5 अप्रैल तक पुस्तक मेला का आयोजन किया जायेगा। पुस्तक एवं गणवेश मेला में इस बार भी बुक बैंक का स्टॉल लगाया जा रहा है और पुरानी पाठ्य पुस्तकों के संग्रहण एवं वितरण की व्यवस्था की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के अनुसार पुस्तक मेला में लगाये जाने वाले बुक बैंक के स्टॉल के लिये विद्यार्थियों से पूर्व वर्ष की किताबों का संग्रह प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जो पुरानी पाठ्य पुस्तकें दान स्वरूप बुक बैंक स्टॉल में देना चाहते हैं, वे अपनी पुस्तकें जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), जबलपुर तथा जिला शिक्षा केंद्र में जमा कर सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों से भी अपेक्षा की है कि उनके विद्यालय में उपलब्ध पुरानी पाठ्य पुस्तकों अथवा विद्यार्थियों के पास उपलब्ध उपयोगी पुस्तकों को एकत्र कर उन्हें पुस्तक मेले हेतु जमा कराना सुनिश्चित करें, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के विद्यार्थियों को इसका लाभ प्राप्त हो सके।

## निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करें, कलेक्टर ने रांझी अस्पताल में दिए निर्देश



**जबलपुर यश भारत।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह शनिवार को अचानक रांझी अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उन्हें और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं, मरीजों को दी जा रही सेवाओं तथा व्यवस्थाओं की स्थिति को देखा। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूरे किए जाएं, ताकि मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। भ्रमण के दौरान मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा, एसडीएम मोनिका बाघमारे सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## भक्ति संध्या में सम्मानित हुईं डॉ. मुकुल तिवारी




**जबलपुर,यशभारत।** संस्कारधानी जबलपुर की प्रतिष्ठित संस्था त्रिवेणी परिषद् द्वारा आयोजित मधुर भक्ति संध्या कार्यक्रम में उपाध्यक्ष डॉ मुकुल तिवारी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक डॉ चन्द्रा चतुर्वेदी के सौजन्य से प्रख्यात संस्कृत आचार्य एवं साहित्यकार डॉ कृष्णकांत चतुर्वेदी की जन्म स्मृति के अवसर पर यह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जान्हवी शुक्ल ने की। इस दौरान डॉ. मुकुल तिवारी को शाल, तुलसी माला एवं पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. छाया राय, साधना उपाध्याय, शिल्पा तांबे, मीना पटेल, सरला मोदी, बबीता शुक्ला, रेनुका तिवारी एवं मनीषा गौतम सहित अन्य उपस्थित जनों ने शुभकामनाएं दीं। भक्ति और संस्कृति से सराबोर इस आयोजन ने उपस्थित जनों को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

## दंत चिकित्सकों को मिला नया नेतृत्व, डॉ. विवेक गुप्ता और डॉ. सौरभ तिवारी को जिम्मेदारी



**जबलपुर,यशभारत।** जबलपुर में इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) की स्थानीय शाखा में नई नियुक्तियों के तहत डॉ. विवेक गुप्ता को अध्यक्ष एवं डॉ. सौरभ तिवारी को मानद सचिव बनाया गया है। इन नियुक्तियों के बाद दंत चिकित्सकों में उत्साह का माहौल है। दोनों ही चिकित्सक लंबे समय से संगठन से जुड़े रहे हैं और अपनी सक्रियता व समर्पण के लिए जाने जाते हैं। नई जिम्मेदारियों के साथ डॉ. गुप्ता और डॉ. तिवारी आईडीए जबलपुर की शैक्षणिक, सामाजिक और जनहित से जुड़ी गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। शाखा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने दोनों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

## 9300 जनसेवा मित्रों ने राज्यसभा सदस्य से लगाई न्याय की गुहार

जबलपुर यश भारत।

मध्य प्रदेश के 9300 जनसेवा मित्रों ने अपनी बहाली की मांग को लेकर राज्यसभा सदस्य और वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है। पत्र में बताया गया कि उच्च शिक्षित युवाओं को मेरिट के आधार पर चयनित कर प्रदेश में सुशासन के लिए तैनात किया गया था, लेकिन अब उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। जनसेवा मित्रों ने दावा किया कि उनकी बहाली के समर्थन में दोनों उपमुख्यमंत्री, कई कैबिनेट मंत्रियों और करीब 150 विधायकों ने भी अनुशंसा की है, इसके बावजूद शासन कोई निर्णय नहीं ले रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना की गई है। लगातार प्रदर्शन और ज्ञापन के



बावजूद कार्रवाई न होने से युवाओं में निराशा बढ़ रही है। एक साथी की आत्महत्या का भी उल्लेख करते हुए इसे गंभीर मानवीय संकट बताया गया है। युवाओं ने जनहित याचिका दायर कर न्याय दिलाने की मांग की है।

# पराग दीवान की शिक्षा सेवा ने बदली सैकड़ों बच्चों की जिंदगी, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने की तारीफ

## रोटेरियन बलदीप मैनी ने छात्रों को दी प्रोत्साहन राशि





**जबलपुर,यशभारत।** जबलपुर के नर्मदा तट पर गरीब ब'चों को बेहतर शिक्षा देने का सराहनीय और प्रेरणादायक कार्य पराग दीवान पिछले कई वर्षों से निस्वार्थ भाव से कर रहे हैं। उनका यह प्रयास न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना बटोर रहा है। इस पहल से सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया के एक न्यायाधीश भी काफी प्रभावित हुए हैं। हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम में बलदीप मैनी (रोटेरियन) के माध्यम से 159 छात्रों को 1500 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। साथ ही, 250 छात्रों को कैडबरी चॉकलेट आशीर्वाद स्वरूप वितरित की गई, जिससे ब'चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर रा'यसभा सांसद विवेक तन्खा ने पराग दीवान के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे समाज के लिए एक मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल से तैयार हो रहे प्रतिभाशाली छात्र ही न्यू इंडिया की असली ताकत बनेंगे। यह पहल न केवल शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दे रही है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में भी एक मजबूत कदम साबित हो रही है।

वासंतेय नवरात्र

# शहर में बह रही शक्ति की भक्ति की बयार, मंदिरों में लगी कतार

**जबलपुर, (यशभारत)।** वासंतेय नवरात्र पर्व के आज चौथे दिन देवी के चौथे स्वरूप कूष्मांडा माता की आराधना की जा रही है। वासंतेय नवरात्र पर्व पर शहर में धर्म भक्तिभाव की बयार बह रही है। देवी मंदिरों में दुर्गा सप्तसती के पाठ चल रहे हैं तो अनेक स्थानों पर देवी महापुराण चल रहे हैं। देवी के जगराते भी अनेक धार्मिक संस्थाओं द्वारा आयोजित किये जा रहे हैं। वासंतेय नवरात्र पर्व पर अलसुबह से ही मंदिरों में जल ढारने के लिये भक्तों की कतारें लग रही हैं। देवी मंदिरों में पूजन अनुष्ठान, भजन मण्डलियों का कीर्तन गान और भक्ति संगीत के बीच महाआरती के आयोजनों ने शहर को भक्तिभाव में डुबा दिया है। शहर के अति प्राचीन बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया, छोटी खेरमाई राईट टाऊन, छोटी देवन दीक्षितपुरा काली दरबार सदर, मक्रवाहिनी मंदिर पानदरीबा, श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ मंदिर मढ़ाताल, श्री त्रिपुर सुंदरी मंदिर तेवर में श्रद्धालुओं की भी लग रही है। श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ मढ़ाताल में 1001 अखण्ड ज्योति कलश प्रज्वलित किये गये हैं।

यहां आचार्य विद्वानों द्वारा दुर्गा सप्तसती का पाठ निरंतर किया जा रहा है। सुबह शाम मां पीताम्बरा का अर्चन और महाआरती की जा रही है। चारखम्बा स्थित बूढ़ी खेरमाई मंदिर में भी धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला चल रहा है। ब?ी खेरमाई मंदिर भानतलैया में रात के द्वितीय पहर से ही श्रद्धालु भक्तों का पहुंचना प्रारंभ हो गया है। माँ भगवती के तीसरे स्वरूप चन्द्रघंटा का पूजन सुबह से देर रात तक किया गया। आचार्य देवेन्द्र पोद्दार बताते हैं कि मैया चन्द्रघंटा के ललाट पर आधे चन्द्रमा की आकृति अंकित है और ऐसी धार्मिक मान्यता है कि माँ चन्द्रघंटा का पूजन पूर्ण श्रद्धा और आस्था के साथ करने पर आसुरी शक्तियों और बुरी प्रवृत्तियों का विनाश हो जाता है और मनुष्य का जीवन खुशियों और आनंद से भर जाता है।

## आस्था और सौहार्द का प्रतीक बूढ़ी खेरमाई मंदिर



बूढ़ी खेरमाई मंदिर (मिलोनीगंज, चार खंबा) में स्थित प्राचीन शक्तिपीठ शहर ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का केंद्र बना हुआ है। करीब 1500 वर्ष से अधिक पुराना माना जाने वाला यह मंदिर माँ धूमावती के स्वरूप के रूप में प्रतिष्ठित है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मान्यता है कि मंदिर में विराजित माता की शिला स्वयं प्रकट हुई है, जिसे माँ सती के धुएं से उत्पन्न माना जाता है। यही कारण है कि यह स्थल तंत्र साधना के प्रमुख केंद्रों में भी गिना जाता है। यहां एक अनूठी परंपरा के तहत माँ के साथ उनके वाहन कौवे की भी पूजा की जाती है, जो इसे अन्य मंदिरों से अलग पहचान देती है। विशेष बात यह है कि मुस्लिम बहुल क्षेत्र में स्थित होने के बावजूद मंदिर में सभी समुदायों की समान भागीदारी देखने को मिलती है। स्थानीय लोग मिलकर व्यवस्थाएं संभालते हैं, जिससे यह स्थल सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल बना हुआ है। नवरात्रि के दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। इस दौरान निकलने वाला जवारा जुलूस विशेष आकर्षण का केंद्र रहता है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं।



# मृत डॉक्टर के नंबर से मैसेज, मचा हड़कम्प

## साइबर क्राइम में शिकायत दर्ज

**जबलपुर, यशभारत।** मदनमहल थाना अंतर्गत राइट टाउन में रहने वाली एक 81 वर्षीय महिला डॉक्टर की प्रॉपर्टी विवाद के बाद हुई मौत के बाद उनके मोबाइल नंबर से मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर को अपशब्दों भरा मैसेज पहुंचा जिसके बाद हडकंप मच गया है। मामले की शिकायत साइबर क्राइम में की गई है। मैसेज किसने किया है और इसके पीछे का इरादा क्या है इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है मामले की जांच जारी है। विदित हो कि प्रेम मंदिर के पास राइट टाउन में रहने वाली बुजुर्ग महिला डॉ हेमलता श्रीवास्तव के पति महेश श्रीवास्तव और बेटे की मौत हो गई थी। इसके बाद से उनकी तबियत बिगड़ गई थी। करोड़ों की प्रॉपर्टी पर दान व वसीयत में दिए जाने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। डॉ.हेमलता श्रीवास्तव को 7 जनवरी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले में कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए थे ।

इसके बाद जांच दल का गठन हुआ । डॉक्टर हेमलता के बयान मेडिकल कॉलेज में आईसीयू में दर्ज किए गए थे। इसके साथ दस्तावेजों का भी अवलोकन किया गया था वहीं इलाज के दौरान 15 फरवरी को डॉक्टर हेमलता की मौत हो गई थी।

**मैसेज में लिखा..क्षमा करे, सभी श्राप-** शनिवार सुबह करीब 10:45 बजे मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर रिचा शर्मा को डॉक्टर हेमलता के वाटसएप नेबर से मैसेज आया। मैसेज में लिखा लिखा गया कि क्षमा करें। मोबाइल कानूनी तौर पर मेरे पास है। डॉ. हेमलता के परिवार की ओर से उन सभी को श्राप है जिन्होंने उन्हें वही अंजाम दिया जो उन्होंने दिया। अपहरण, भूख से तड़पना, फिर वेंटिलेटर, फिर पीएम और अंत में मुर्दाघर। मानवता पर धिक्क ार। डॉक्टर रिचा का कहना है कि मामले से उन्होंने कलेक्टर को भी अवगत कराया है।

# बिल्डर पर चाकू से जानलेवा हमला



**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर थाना अंतर्गत सुशीला परिसर के पास तीन बदमाशों ने एक बिल्डर को सरेराह रोककर चाकू से हमला कर दिया। घायल बिल्डर को तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार संदीप गुप्ता (50) निवासी आस्था परिसर, न्यू रामनगर अधारताल, पेशे से बिल्डर हैं। वर्तमान में उसका एक प्रोजेक्ट सुशीला परिसर में चल रहा है। जब वह अपनी टू-व्हीलर से साइट का काम खत्म कर घर लौट रहा था, तभी सुशीला परिसर के गेट के पास तीन अज्ञात लड़कों ने उन्हें रास्ता रोककर घेर लिया। बदमाशों ने संदीप गुप्ता से शराब पीने के लिए अड़ीबाजी करते हुए पैसों की मांग की। जब बिल्डर ने पैसे देने से साफ इंकार कर दिया, तो बदमाश ने अचानक चाकू निकाल लिया और उन पर हमला कर दिया। हमले में संदीप गुप्ता के दोनों जांघों में गंभीर चोटें आई हैं। वारदात के बाद आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

# पति से विवाद के बाद महिला ने धुआंधार में लगाई छलांग

## आरक्षक की सूझबूझ से बची जान

**जबलपुर यशभारत।** पति से हुए विवाद के बाद आवेश में आकर एक महिला भेड़ाघाट स्थित धुआंधार जलप्रपात में छलांग लगा दी। घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर तैनात पुलिस आरक्षक हरिओम वैश्य की तत्परता और बहादुरी के चलते महिला की जान बचा ली गई। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि तेंदूखेड़ा निवासी 52 वर्षीय महिला का अपने पति से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। गुस्से में घर से निकलकर वह सीधे भेड़ाघाट पहुंची और धुआंधार जलप्रपात के पास पहुंचकर अचानक नदी में कूद गई। वहां मौजूद लोगों ने जैसे ही महिला को छलांग लगाते देखा तुरंत शोर मचाया और पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही मौके पर तैनात आरक्षक ने बिना समय गंवाए साहस दिखाते हुए नदी में छलांग लगा दी। तेज बहाव और खतरनाक परिस्थितियों के बावजूद आरक्षक ने संघर्ष करते हुए महिला तक पहुंच बनाई और उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत पुलिस ने महिला के परिजनों को सूचना दे गई इसके बाद वह मौके पर पहुंचे और पुलिस ने महिला को परिजनों के सुपुर्द कर दिया कर दिया। इस साहसिक कार्य के लिए आरक्षक की हर ओर सराहना हो रही है।



# विजयनगर में दहशत फैलाने वाले शातिर बदमाशों का जुलूस निकाला

**जबलपुर, यशभारत।** विजय नगर थाना क्षेत्र स्थित कृषि उपज मंडी में दहशत फैलाने व शिव नगर क्षेत्र स्थित एक होटल में चाकूबाजी करने वाले शातिर बदमाशों को पुलिस ने दबोच लिया। पकड़े गए बदमाशों के खिलाफ एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जुलूस के रूप में पैदल कृषि उपज मंडी व चंडालभाटा लेकर पहुंची। इस दौरान बदमाश कान पकड़कर अपराध न करने व क्षमायाचना करते नजर आए। पुलिस के अनुसार ट्रांसपोर्ट नगर चंडालभाटा निवासी राजीव ठाकुर उर्फ मुड़िया और प्रेम सागर निवासी शुभ केवट ने 13 मार्च को शिव नगर स्थित होटल के पास संतोष कहार नामक युवक पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया था। वारदात के बाद से दोनों फरार थे। बीती रात पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ा और जुलूस निकालकर उन्हें कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया।

# विश्व कविता दिवस पर अनेकान्त का काव्योत्सव नव संवत्सर और भक्ति रस में डूबा जबलपुर'



**जबलपुर,यशभारत।** जबलपुर में नवरात्रि, विश्व कविता दिवस और नव संवत्सर के अवसर पर अनेकान्त संस्था द्वारा श्री जानकीरमन महाविद्यालय में भव्य काव्योत्सव एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कवियों ने नव संवत्सर, मां दुर्गा और समसामयिक विषयों पर आधारित अपनी रचनाओं का प्रभावशाली पाठ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजा चौरसिया रहे, जबकि अध्यक्षता आचार्य विजय तिवारी किसलय ने की। विशिष्ट अतिथियों में डॉ अभिजात कृष्णा त्रिपाठी,प्रतुल श्रीवास्तव, राजेश पाठक 'प्रवीण',डॉ शिवकुमार सिंह ठाकुर अभिमन्यु जैन, डॉ मुकुल तिवारी एवं सुरेश मिश्रा 'विचित्र' शामिल रहे। संस्था अध्यक्ष डॉ संध्या जैन श्रुति ने अनेकान्त की गतिविधियों पर प्रकाश डाला, वहीं संस्था के निदेशक राजेंद्र मिश्रा ने कविता को प्रेरणा का सशक्त माध्यम बताया। संयोजन कृष्णकांत अग्रवाल एवं संचालन दीपक तिवारी ने किया। काव्य गोष्ठी में कौशिक सेनगुप्ता, एम.एल. शर्मा, जी.डी. अग्रवाल, मनोज शुक्ला, आरती तिवारी, मिथिलेश नायक, रत्ना ओझा, विवेक गुप्ता,सहित अनेक कवि-कवयित्रियों ने अपनी स्वरचित रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

# डीआरएम ने अधिकारी व कर्मचारियों को किया सम्मानित



**जबलपुर यशभारत ।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 193वीं बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार ने अपने स्वागत उद्बोधन में बताया कि मंडल रेल प्रबंधक के कुशल नेतृत्व में जबलपुर मंडल पर रेल परिचालन के साथ-साथ भारत सरकार की राजभाषा नीतियों का प्रभावी कार्यान्वयन उत्तरोत्तर प्रगति पर है। उन्होंने मंडल पर राजभाषा विभाग के तिमाही के दौरान आयोजित संगोष्ठियों, महान साहित्यकारों की जयंतियों, तथा कार्यशालाओं की जानकारी दी तथा बताया कि मंडल पर राजभाषा पखवाड़ा-2025 के दौरान 10 अधिकारियों व 50 कर्मचारियों के साथ साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं मैं सफल प्रतिभागियों को मंडल रेल प्रबंधक के कर कमलों से पुरस्कृत किया गया। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि सभी कर्मचारियों द्वारा हिंदी में अनिवार्य रूप से मंगल फोण्ट का ही उपयोग करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आगे यह स्पष्ट किया कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार स्वयं तथा सहायक द्वारा की बोर्ड पर सीधे टंकण को भी हिंदी डिक्टेशन ही माना जाएगा।




# पड़रिया व सिलुआ से जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

**जबलपुर यशभारत ।** जल सरंक्षण, जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन एवं भू-जल स्तर में वृद्धि के उद्देश्य को लेकर प्रदेश भर में वर्ष प्रतिपदा पर प्रारंभ हुये जल गंगा संवर्धन अभियान की जिले में शुरुआत जनपद पंचायत जबलपुर के ग्राम सिलुआ पड़रिया में लगभग तीन वर्ष पूर्व बने अमृत सरोवर में जन सहभागिता से गाद निकासी (डी-सिल्टिंग) का कार्य शुरू कर की गई।

**30 जून तक इस अभियान को चलाने का निर्णय-** जल सरंक्षण और जल संवर्धन के उद्देश्य से पिछले दो वर्षों में चलाए गये जल गंगा संवर्धन अभियान को मिली सफलता को देखते हुये मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरूप राज्य शासन ने लगातार तीसरे वर्ष 19 मार्च से 30 जून तक इस अभियान को चलाने का निर्णय लिया है।

**अनेक कार्य किए जाएंगे-** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जबलपुर जिले में समाज की भागीदारी और विभिन्न विभागों की सहभागिता से नवीन जल सरंचनाओं के निर्माण, भू जल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण सरंचनाओं की साफ-सफाई, जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करने तथा मानसून में किये जाने वाले पौधारोपण की तैयारी जैसे कार्य किये जायेंगे।

**सीईओ गहलोत ने भी की सहभागिता-** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ के अवसर पर ग्राम पंचायत सिलुआ पड़रिया स्थित अमृत सरोवर से स्थानीय नागरिकों के सहयोग से गाद निकासी (डी-सिल्टिंग) के प्रारंभ किये गये कार्य में जनपद पंचायत जबलपुर की अध्यक्ष चन्द्र किरण गोस्वामी एवं जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत ने भी सहभागिता की।

**कृषकों के लिए सिंचाई का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत-** ग्राम सिलुआ पड़रिया का अमृत सरोवर आसपास के कृषकों के लिए सिंचाई का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है।सरोवर में एकत्र गाद को हटाने से इसकी जलधारण क्षमता में वृद्धि होगी, जल संचयन में सुधार होगा तथा भूजल पुनर्भरण को बढ़ावा मिलेगा। इसके परिणामस्वरूप आगामी ग्रीष्मकाल में जल उपलब्धता सुनिश्चित होने के साथ-साथ कृषकों को सिंचाई हेतु पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा।

# बेमौसम बारिश का डबल अटैक: खेतों में गिरी गेहूं, खलिहानों रखी दलहन तबाह

## तेज बारिश और हवा से किसानों की बढ़ी चिंता



**जबलपुर यशभारत।** जिले में अचानक बदले मौसम ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। बेमौसम बारिश और तेज हवाओं के कारण खेतों में खड़ी गेहूं की फसल बड़े पैमाने पर जमीन पर गिर गई है। इससे उत्पादन घटने के साथ-साथ गुणवत्ता प्रभावित होने का खतरा भी बढ़ गया है। किसान अब कटाई को लेकर असमंजस में हैं, क्योंकि गिरी हुई फसल को संभालना आसान नहीं है।

### दलहनी फसलें भी पानी की चपेट में

बेमौसम बारिश से स्थिति और गंभीर तब हो गई जब खलिहानों में कटकर रखी दलहनी फसलें भी बारिश की चपेट में आ गईं। चना, मसूर और अन्य दलहन भीगने से खराब होने लगे हैं। कई किसानों का कहना है कि फसल पूरी तरह सूखने से पहले ही बारिश ने नुकसान पहुंचा दिया, जिससे उनकी लागत तक निकालना मुश्किल हो सकता है।ग्रामीण इलाकों में किसान अपनी फसल बचाने के लिए खलिहानों में रखी फसल को पानी से बचाने के लिए उसको पन्नी से ढक दिया है जिससे की पानी से बच सके लेकिन लगातार बदलते मौसम के कारण स्थिति काबू में नहीं आ पा रही है। पानी से खराब हुई फसलों से किसानों के चेहरों पर चिंता साफदेखी जा सकती है। इस संबंध में किसान सत्यम राजपूत अरूण सिंह महेश सिंह का कहना है कि एक ओर खेती की लागत बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर प्राकृतिक आपदाएं उन्हें लगातार नुकसान पहुंचा रही हैं। उनका कहना है कि इस समय बारिश से गेहूं की फसल का गिरना गंभीर नुकसान का संकेत है, जिससे उत्पादन में गिरावट तय मानी जा रही है।फिलहाल आसमान में छाए बादल किसानों के लिए चिंता का कारण बने हुए हैं और सभी को मौसम साफहोने का इंतजार है।

## चिंतन-मनन

# धर्म क्या है?

धर्म के मुख्यत दो आयाम हैं। एक है संस्कृति, जिसका संबंध बाहर से है। दूसरा है अध्यात्म, जिसका संबंध भीतर से है। धर्म का तत्व भीतर है, मत बाहर है। तत्व और मत दोनों का जोड़ धर्म है। तत्व के आधार पर मत का निर्धारण हो, तो धर्म की सही दिशा होती है। मत के आधार पर तत्व का निर्धारण हो, तो बात कुरूप हो जाती है। एक संत आता है। भीतर की गुफा में जाकर धर्म के तत्व अध्यात्म को जानता है। फिर वह चला जाता है। फिर मत बचा रहता है। उसके आधार पर एक संस्कृति विकसित होती है। संस्कृति के फूल खिलते हैं। काल प्रम में संस्कृति मुख्य हो जाती है। अध्यात्म गौण हो जाता है। और फिर एक संत को, एक जीवित संत को इस धरती पर आना पड़ता है। फिर से अंगारे जलाने होते हैं। फिर से दीप जलाना होता है।

जो दीप कभी जला था, उसके आधार पर जो गीत रह गए थे, वे पुराने पड़ जाते हैं। फिर से एक नया दीपक जलता है। नई रोशनी आती है। नया गीत फूटता है। नई नदी बहती है। सब कुछ नूतन हो जाता है। तो कहूँगा कि तुम जानो या न जानो, तुम सब धर्म के मार्ग पर ही हो। कोई व्यक्ति ऐसा नहीं हैं, जो धर्म के मार्ग पर नहीं है।

यह और बात है कि उसे पता है, या नहीं पता है। लेकिन धर्म का तत्व क्या है? धर्म का उद्गम क्या है? कहाँ पहुँचना है हमें? गंतव्य कहाँ है? उस बात को बताने के लिए ही संत इस धरती पर आता है। स्वामी विवेकानंद जी भी आए। और ये याद दिलाने के लिए आता है संत कि तुम कौन हो? अमृतस्य पुत्रा?। तुम राम-कृष्ण की संतान हो। तुम कबीर और गुरुनानक की संतान हो। तुम बुद्ध और महावीर की संतान हो। तुम क्यों दीन-हीन और दरिद्र जैसा जीवन जी रहे हो? क्यों अशांत हो, क्यों दुःखी हो? अपना स्वरूप हम भूल गए हैं। करीब-करीब ऐसे ही हम जीवन जीते हैं अपने वास्तविक स्वरूप को भूलकर। इस जीवन की कितनी गरिमा है। इस जीवन की कितनी क्षमता है। अनंत आनन्द का खजाना, जो हमारे भीतर है, उसकी ओर हम पीठ करके जीते हैं। महर्षि नारद की तरह फिर कोई संत आता है हमारे बीच। कभी बुद्ध, कभी महावीर, कभी कृष्ण, कभी राम, कभी गुरुनानक, कभी गुरु अर्जुनदेव, कभी दादू, कभी दरिया, कभी रैदास, कभी मीरा, कभी सहजो, कभी दया बनकर आता है और हमसे कहता हैं कि चलो! उस मानसरोवर को चलो, जहाँ से तुम आए हो।

### विवेक ही धर्म है

युग के आदि में मनुष्य भी जंगली था। जब से मनुष्य ने विकास करना शुरू किया, उसकी आवश्यकताएं बढ़ गई। आवश्यकताओं की पूर्ति न होने से समस्या ने जन्म लिया। समस्या सामने आई तब समाधान की बात सोची गई। समाधान के स्तर दो थे- पदार्थ-जगत, मनो-जगत. प्रथम स्तर पर पदाथरे के सुनियोजित उत्पादन और उनकी व्यवस्था को आकार मिला। दूसरा स्तर मानसिक था। इस जगत की समस्याएं थी अपरिमार्जित वृत्तियां, असंतुलन और तनाव। इन समस्याओं को समाहित करने के लिए धर्म की खोज हुई। धर्म का अर्थ है पारंपरिक मूल्य-मानकों से परे हटकर मनुष्य को सत्य की दिशा में अग्रसर करना। जब तक धर्म अपने इस परिवेश में रहता है, तब तक वह रूढ़ नहीं हो सकता। पर उद्देश्य की विस्मृति के साथ ही उसमें रूढ़ता आ जाती ह। रूढ़ धर्म को व्यक्ति अपने जीवंत संदभरे से काटकर परलोक के साथ जोड़ देता है। बस यहीं से धर्म में विकृति का प्रवेश होने लगता है। मैं ऐसा सोचता हूं कि धर्म का संबंध हमारी हर सांस से होना चाहिए। ऐसा वे ही व्यक्ति कर सकते हैं जो अपने जीवन की सतह पर दौड़-धूप कर रहे हैं। या फिर यह उन लोगों का काम है जो जीवन की गहराइयों में उतरकर अध्यात्म के प्रति समर्पित हो जाते हैं। जीवन की सतह पर जीने वाले व्यक्ति धर्म की गहराई में नहीं उतर सकते, किंतु अध्यात्म के प्रयोक्ता की दृष्टि से वह गहराई छिपी नहीं रह सकती।

## कड़वे वचन



छाता बारिश को रोक तो नहीं सकता परन्तु बारिश में खड़े रहने का हौंसला जरूर दे सकता है। ठीक इसी तरह से सत्संग और प्रवचन तुम्हारे दुखों को नष्ट तो नहीं कर सकते परन्तु उहें सहने की ताकत जरूर दे सकते हैं दुख में से सुख खोजने की कला जरूर सिखा सकते हैं। इसलिए सत्संग करो, उससे तुम्हें दुख सहने की ताकत मिलेगी ओर तुम अभाव में भी मुस्कुरा सकोगे।

## आज का राशिफल



ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास

पंचांगः- 22 मार्च 2026
दिन-रविवार, माह- कृष्ण पक्ष
विक्रम संवत 2083

**मेष** (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, आ) — स्थान परिवर्तन चाहने वाले लोगों को कुछ उम्मीद नजर आएगी मनोबल बढ़ेगा

**वृष** (इ, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो) — युवक वर्ग व्यक्तिगत और व्यवहारिक गतिविधियों में तालमेल बनाकर रखेंगे

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह) — किसी संबंधी जनों की आर्थिक मदद करनी पड़ सकती है अन्य खर्चे भी परेशान करेंगे

**कर्क** (ही, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) — अपनी सूझबूझ के साथ नकारात्मक परिस्थितियों में भी अच्छे परिणाम हासिल कर सकते हैं

**सिंह** (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) — व्यवसाय में अनिश्चितता रहने से चिंता बढ़ेगी अनावश्यक तनाव ना ले

**कन्या** (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) — अत्यधिक तनाव और मेहनत की वजह से आपके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है ध्यान रखें

**तुला** (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) — जोखिम भरे कामों से दूर रहे अनावश्यक सलाह ना दें

**वृश्चिक** (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) — अपने आसपास की परिस्थितियों में बदलाव महसूस करेंगे आज की मेहनत भविष्य में अच्छे परिणाम दे सकती है

**धनु** (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) — व्यवसाय में अत्यधिक भाग दौड़ बनी रहेगी स्वास्थ्य पर अवश्य ध्यान दें

**मकर** (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी) — परिवार जनों के आपसी सहयोग से माहौल सकारात्मक बना रहेगा वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं

**कुंभ** (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) — शांतिपूर्ण तरीके से कम करने की कोशिश करें तनाव से दूर रहने की कोशिश करें

**मीन** (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) — संतुलित आहार ले दिनचर्या को सुधारने की कोशिश करें

# शक्ति आराधना के साथ उत्तम स्वास्थ्य एवं आध्यात्म से जोड़ता है चैत्र नवरात्र



चैत्र नवरात्रि हिंदू धर्म में आध्यात्मिक शुद्धि, शक्ति पूजा और नए साल की शुरुआत का प्रतीक है। नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है, जो मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और आत्मबल प्रदान करती है। यह वसंत ऋतु से ग्रीष्म ॠतु में संक्रमण का समय है, जो उपवास और सात्विक भोजन के माध्यम से स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण है।

**प्राचीन काल से ही नवरात्रि का विशेष महत्व- हिंदू नव वर्ष-** चैत्र नवरात्रि के पहले दिन से ही विक्रम संवत के अनुसार नए हिंदू वर्ष की शुरुआत होती है।

मां दुर्गा के 9 स्वरूप की आराधना- इन नौ दिनों में शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। राम नवमी नवरात्रि के नौवें दिन (नवमी) भगवान राम का जन्म उत्सव मनाया जाता है, जो इसे और खास बनाता है।

**घटस्थापना और जवारे-** पहले दिन घटस्थापना (कलश स्थापना) और जवारे (जौ) बोए जाते हैं, जो सुख-समृद्धि और नई शुरुआत का प्रतीक हैं।

**आध्यात्मिक और शारीरिक लाभ-** व्रत और पूजा से मानसिक मजबूती, सात्विकता और शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है।

**शक्ति की उपासना-** यह मातृशक्ति की पूजा का पर्व है जो समाज में नारी के सम्मान एवं महत्व को प्रदर्शित करता है। चैत्र नवरात्र बुराई पर अच्छाई की जीत और आत्मा को शुद्ध करने का अवसर माना जाता है।

### नवरात्रि पर्व का विधान

नवरात्रि में सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र पहनें, मंदिर साफ़ करें और उत्तर-पूर्व दिशा में चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर माता दुर्गा की मूर्ति स्थापित करें। घटस्थापना (कलश) और जौ बोकर अखंड ज्योत जलाएं। नौ दिनों तक दुर्गा सप्तशती का पाठ, लाल फूल, चुनरी, श्रृंगार सामग्री अर्पित करें और सात्विक भोग लगाकर सुबह-शाम आरती करें।

### चैत्र नवरात्रि पूजा विधि

कलश स्थापना (घटस्थापना)- पहले दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें। मिट्टी के पात्र में जौ बोएं और उस पर जल से भरा कलश (जिसमें सिक्का, सुपारी, आम के पत्ते हों) स्थापित करें।

**चौकी स्थापना-** चौकी पर माता दुर्गा की तस्वीर/मूर्ति रखें। मूर्ति को लाल चुनरी ओढ़ाएं और लाल फूल (जैसे गुलाब या गुड़हल) अर्पित करें।

**अखंड ज्योत-** कलश के पास अखंड दीपक या सुबह-शाम का दीपक जलाएं। प्रतिदिन गणेश जी और माता दुर्गा का पूजन करें। धूप, दीप, और चंदन लगाकर तिलक करें। कलावा (मौली) चढ़ाएं।

**भोग और प्रसाद-** मां को हर दिन अलग-अलग सात्विक भोग (मिठाई, फल) लगाएं। पान में लौंग-इलायची रखकर अर्पण करना बहुत शुभ माना जाता है।

**पाठ और आरती-** दुर्गा सप्तशती का पाठदुर्गावली महिमा या च? दुं दुर्गायै नमःज मंत्र का जाप करें। अंत में सुबह-शाम कपूर से आरती करें। अष्टमी या नवमी को कन्या पूजन करें, उन्हें भोजन कराएं और उपहार देकर विदा करें।

**नवरात्र के महत्वपूर्ण नियम-** नौ दिनों तक ब्रह्मचर्य का पालन करें और सात्विक भोजन करें। घर में क्लेश या क्रोध न करें। कलश को नौ दिनों तक अपनी जगह से न हटाएं। मां दुर्गा के नौ रूप (नवदुर्गा) शक्ति, चेतना और जीवन के विभिन्न चरणों का प्रतीक हैं, जो ज्ञान, संयम, साहस, और मोक्ष प्रदान करते हैं। नवरात्रि में इनकी पूजा से शारीरिक ऊर्जा, मानसिक शांति और नकारात्मकता का नाश होता है। ये रूप सृजन से लेकर संहार तक की दिव्य शक्ति को दर्शाते हैं

### नवदुर्गा के नौ रूपों का महत्व

**मां शैलपुत्री (पहला दिन)-** दृढ़ता, समर्पण और हिमालय की पुत्री के रूप में शक्ति का प्रतीक, जो स्थिरता लाती हैं।

**मां ब्रह्मचारिणी (दूसरा दिन)-** तपस्या, त्याग और ज्ञान की देवी, जो अनुशासन और वैराग्य सिखाती हैं।

**मां चंद्रघंटा (तीसरा दिन)-** शांति और साहस का प्रतीक, जो भय का नाश करती हैं।

**मां कूष्मांडा (चौथा दिन)-** ब्रह्मांड की रचयिता, जो ऊर्जा, प्राणशक्ति और सकारात्मकता प्रदान करती हैं।

**मां स्कंदमाता (पांचवां दिन)-** ममता और ज्ञान की देवी, जो मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

**मां कात्यायनी (छठा दिन)-** कात्यायनी देवी आज्ञा चक्र की स्वामिनी, जो शत्रुओं का नाश करती हैं और धर्म की स्थापना करती हैं।

**मां कालरात्रि (सातवां दिन)-** दुष्टों का विनाश करने वाली, जो निडरता और अंधकार से मुक्ति देती हैं।

**मां महागौरी (आठवां दिन)-** पवित्रता और निष्कपटता का प्रतीक, जो मोक्ष प्रदान करती हैं।

**मां सिद्धिदात्री (नौवां दिन)** सभी सिद्धियों की दाता, जो ज्ञान, कुशलता और विजय प्रदान करती हैं।

इन नौ रूपों की पूजा करने से भक्तों को जीवन की हर कठिनाई से ल?ने की मानसिक और आध्यात्मिक शक्ति मिलती है। नवरात्रि के नौ दिनों में माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों (नवदुर्गा) की पूजा और उनके विशिष्ट बीज मंत्रों का जाप करने से शक्ति, स्वास्थ्य और समृद्धि प्राप्त होती है। मुख्य बीज मंत्र - ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चेज्ञ है, जबकि प्रत्येक देवी के लिए अलग-अलग बीज मंत्र (जैसे ह्रीं, क्लीं, श्रीं) का प्रयोग किया जाता है।

नौ देवियों के बीज मंत्र
माँ शैलपुत्री-ह्रीं शिवायै नमः
माँ ब्रह्मचारिणी-ह्रीं श्री अम्बिकायै नमः
माँ चन्द्रघण्टा- ऐं श्रीं शक्त्यै नमः
माँ कूष्मांडा- ऐं ह्रीं देव्यै नमः
माँ स्कंदमाता- ह्रीं क्लीं स्वमिन्यै नमः
माँ कात्यायनी- क्लीं श्री त्रिनेत्रायै नमः
माँ कालरात्रि-क्लीं ऐं श्री कालिकायै नमः
माँ महागौरी- श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नमः
माँ सिद्धिदात्री- ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नमः
मां दुर्गा का मूल मंत्र- दुं दुर्गायै नमः है
नवार्ण मंत्र- ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे।

जाप विधि- इन मंत्रों का जाप रुद्राक्ष की माला से सुबह-शाम करना उत्तम माना जाता है। जाप के लिए लाल आसन का प्रयोग करें।

### आंतरिक एवं आध्यात्मिक शक्तियों का विकास

नवरात्र पर शक्ति आराधना करने से व्यक्ति की आंतरिक एवं आध्यात्मिक शक्तियों का विकास होता है, मानसिक शक्तियां एवं उर्जा सकारात्मक होती है अतः हम सभी को शक्ति की आराधना एवं अपनी शक्ति के अनुसार नवरात्र के व्रत एवं पूजन अवश्य करना चाहिए। जय माता दी।



डॉ.विनीता पाण्डेय
विनीत
वरिष्ठ साहित्यकार एवं
शिक्षाविद्

# सोशल मीडियाः अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता या भ्रम की दुनिया

वर्तमान समय में सोशल मीडिया केवल संचार का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि यह मानव सोच, व्यवहार और सामाजिक संरचना को प्रभावित करने वाली एक शक्ति बन चुका है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर) और व्हाट्सएप जैसे मंचों ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को एक नया आयाम दिया है, जहां हर व्यक्ति अपनी आवाज़ को वैश्विक स्तर पर पहुंचा सकता है। किन्तु इस आभासी स्वतंत्रता के पीछे एक गहरा मनोवैज्ञानिक और सामाजिक द्वंद्व भी छिपा हुआ है। सोशल मीडिया ने सूचना को लोकतांत्रिक बना दिया है, जहां अब केवल कुछ संस्थानों तक ही सूचना सीमित नहीं रहती, बल्कि हर व्यक्ति सूचना का निर्माता और प्रसारक बन गया है। यह परिवर्तन जहां एक ओर सशक्तिकरण का प्रतीक है, वहीं दूसरी ओर यह 'सूचना अराजकता' को भी जन्म देता है। सत्य और असत्य के बीच की रेखा धुंधली होती जा रही है, जिससे समाज में भ्रम और अविश्वास बढ़ रहा है। सबसे गंभीर प्रभाव मानव मन पर पड़ रहा है। सोशल मीडिया एक ऐसी दुनिया प्रस्तुत करता है, जो वास्तविकता से अधिक आकर्षक और परिपूर्ण दिखाई देती है। इस आभासी तुलना की प्रवृत्ति ने लोगों के आत्मविश्वास को कमजोर किया है और उन्हें निरंतर असंतोष की स्थिति में डाल दिया है। व्यक्ति अपने वास्तविक जीवन से अधिक आभासी छवि को संवारने में व्यस्त हो गया है, जिससे उसकी पहचान बाहरी मान्यता पर निर्भर होती जा रही है। इसके अतिरिक्त, एल्गोरिद्म-आधारित सामग्री व्यक्ति को उसी प्रकार की जानकारी दिखाती है, जो उसकी सोच से मेल खाती है। इससे 'विचारों का संकुचन' उत्पन्न होता है, जहां व्यक्ति केवल एक ही दृष्टिकोण को सत्य मानने लगता है और अन्य विचारों के प्रति असहिष्णु हो जाता है। यह स्थिति सामाजिक विभाजन और वैचारिक टकराव को बढ़ावा देती है। फिर भी, सोशल मीडिया को पूर्णतः नकारात्मक नहीं कहा जा सकता। यह सामाजिक आंदोलनों, जन-जागरूकता और आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता का प्रभावी माध्यम भी सिद्ध हुआ है। अतः समस्या माध्यम में नहीं, बल्कि उसके उपयोग के तरीके में निहित है। अंततः यह स्पष्ट है कि सोशल मीडिया एक दोधारी तलवार के समान है, जो हमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तो देता है, परंतु साथ ही हमारी सोच और मानसिकता को भी प्रभावित करता है। आवश्यकता इस बात की है कि हम इसके उपयोग में विवेक, संतुलन और आत्म-जागरूकता बनाए रखें, ताकि यह साधन हमारे विकास का कारण बने, न कि बंधन का।

-राहुल सोनी

# आन लाइन डकैती का युग (व्यंग्य)

सुरेश विचित्र -जबलपुर



ऑनलाइन डकैती का युग आ गया है। अब डकैती भी हाईटेक हो गई है। वह जमाना रवाना हो गया जब डकैतों को जंगलों और बीहड़ों में रहना पड़ता था। बीहड़ों में अपना समय बिताना पड़ता था। दर-दर की ठोकरें खाना पड़ती थी। जहां जाते थे वहीं कक्कड़ भर्ता बनाकर खाते थे और शराब वगैरह पीकर कहीं भी पड़े रहते थे। डकैतों में बड़े स्तर के डकैत भी होते थे उनके खाने-पीने की व्यवस्थाएं कुछ लोग कर दिया करते थे इनके जलवा हुआ करते थे। लेकिन छोटे स्तर के जो डकैत हुआ करते थे वह तो बेचारे मारे मारे फिरते थे। भेड़ बकरियों का दूध पीने को मिल जाता था। कोई पूछने वाला भी नहीं रहता था। किसी के यहां जाकर आटा ले आते थे, या किसी को धौंस देकर उससे खाना बनवा लेते थे और खाते थे। पुलिस के डर से हमेशा चलायमान रहते थे। एक जगह रुकते नहीं थे। उस समय पुलिस पीछा करती थी, मुठभेड़ भी करती थी। और उन्हें मरती भी थी। पुलिस को भी ईनाम मिल जाता था। और कई दफा लूटा हुआ सामान भी, वापस मिल जाता था,! तब यह सब बातें अलग थी! आजकल तो अपराधियों से दोस्ती भी हो जाती है। जवाबदार भी उसमें शामिल हो जाते हैं ? कुछ कहा नहीं जा सकता आजकल की स्थिति के बारे में। सब मौसेरे भाई हो जाते हैं,,! दशा देखकर एक गीत याद आता है- देख तेरे संसार की हालत क्या हो गई भगवान, कितना बदल गया इंसान।

आजकल समय बदल गया है। इसलिए डकैती का तरीका भी बदल गया है,,? ऑनलाइन डकैती इतनी सरल हो गई है कि अभी तक वह पुलिस के पल्ले भी नहीं पड़ रही है, और ना ही सरकार उसके बारे में कुछ ठोस कदम उठा पाई है। किसी के पल्ले ही नहीं पड़ रहा है क्या किया जाये,,,! कभी कभार कुछ नौसिखिया पकड़े जाते हैं। क्योंकि कहीं न कहीं उनके द्वारा ऑनलाइन डकैती करने में कुछ गड़बड़ी कर दी जाती है और वह धराये जाते हैं। पकड़ने वाले अपनी फोटो अखबार में छपवाकर वाहवाही लूटते हैं। लुटने वाले चक्कर लगाते रहते हैं,चाय नाश्ता कराते रहते हैं। इस उम्मीद में कि उनका धन वापस मिल जाये। शोधकर्ताओं के द्वारा एक बात जरूर निकाल कर आई है कि ज्यादातर अनपढ़ लोग ही इस व्यवसाय में शामिल है।जो आन लाइन डकैती में पारंगत हैं। कुछ गांव, शहर, राज्य भी चिन्हित हो गये है, जहां इनका बड़ा कुनवा काम में लगा है। अच्छे खासे पढ़े लिखे रिटायर आफीसरों से उनके बैंक खातों में रखे पैसा अपने खाते में ट्रांसफर करा लेना बहुत सहज काम नहीं है, मगर यह काम पढ़े लिखे लोग नहीं,, कम पढ़े लिखे लोग बहुत चतुराई और सतर्कता से कर लेते हैं। और पढ़ें लिखे हाथ मलते रह जाते हैं। पुलिस के चक्कर लगाते रहते हैं। नतीजे ज्यादातर शून्य ही होते हैं। मतलब डकैतों द्वारा लूटा गया उनका पैसा वापस मिलना बहुत ही कठिन काम हो जाता है। अखबारों में आए दिन आनलाइन डकैती, मोबाइल डकैती, एटीएम डकैती, डिजिटल एरेस्ट के समाचार पढ़ने को मिलते रहते है और ज्यादातर इसमें पढ़े लिखे लोग ही शिकार हो रहे हैं। मित्र कह रहे थे बेरोजगारों ने अपना रोजगार ढूंढ लिया है।स्वाबलम्बी बनने की ओर बढ़ते कदम है।

# चहचहाती दुनिया

## कहानी



**अन्विता गांव में पली-बढ़ी थी।** दसवीं कक्षा तक उसने गांव के ही सरकारी विद्यालय में पढ़ाई की थी। गांव का वातावरण उसके लिए केवल रहने का स्थान नहीं था, बल्कि जीवन की एक मधुर अनुभूति था। चारों ओर खुला आसमान, स्वच्छ हवा, खेतों की हरियाली और पक्षियों की चहचहाहट-यही उसकी दुनिया थी।उसका घर भी गांव की उसी सादगी और प्रकृति के सौंदर्य से भरा हुआ था। घर का आंगन बहुत बड़ा और खुला था, जैसा कि आमतौर पर गांवों में होता है। आंगन के सामने दो-तीन खेजड़ी के पेड़ खड़े रहते, जिनकी छाया में अक्सर गाय और भैंस बंधी रहतीं थीं। पास ही एक सुंदर गुलमोहर का भी पेड़ था, जो गर्मियों में लाल फूलों से लद जाता था। दाड़िम और नींबू के पेड़ भी घर के आसपास लगे हुए थे। इन पेड़ों पर दिनभर पक्षियों का मेला लगा रहता।अन्विता के पिताजी खेती करते थे और घर में एक गाय व एक भैंस भी रखते थे। शाम को जब वे खेतों से लौटते तो ढोरों के लिए हरा-चारा साथ लेकर आते। उस समय पूरे घर में एक अलग ही सुकून भरा माहौल बन जाता। गर्मियों के दिनों में खुले आंगन में कूलर और पंखा लगाकर सोना, तारों भरे आकाश को निहारना और ठंडी हवा का आनंद लेना-ये सब अन्विता के बचपन की अनमोल यादें थीं।

वहां न मच्छरों की समस्या थी, न ही मक्खियों का कोई झंझट।घर के आंगन में एक तरफ पक्षियों के लिए एक छोटा-सा चबूतरा भी बना हुआ था। यह चबूतरा जैसे पक्षियों का भोजनालय था। कभी उसके पिताजी, कभी माताजी और कई बार स्वयं अन्विता वहां पक्षियों के लिए दाना और पानी रखती थी। सुबह होते ही उस चबूतरे पर पक्षियों का मेला लग जाता। तोते, मैना, कबूतर, गौरैया, कौए और कई बार मोर भी वहां आ जाते।अन्विता और उसके माता-पिता सुबह-सुबह चाय पीते, अखबार पढ़ने हुए आधा घंटा, कभी-कभी तो उससे भी ज्यादा समय तक चबूतरे पर पक्षियों की अठखेलियां देखते रहते। पक्षियों की चहचहाहट से घर का वातावरण जीवंत हो उठता। ऐसा लगता मानो प्रकृति स्वयं आकर उनके आंगन में बस गई हो।घर में तीन पक्के कमरे थे और पशुओं के लिए दो कच्चे मकान बने हुए थे। उन कच्चे मकानों की दीवारों और छतों में गौरैयों ने अपने स्थायी घोंसले बना लिए थे। धीरे-धीरे अन्विता का घर सचमुच गौरैयों का घर बन गया था। अन्विता स्वयं पक्षी प्रेमी थी। उसे विशेष रूप से गौरैया से बहुत लगाव था। इतना लगाव कि उसने अपने घर के चौबारे में आठ-दस छोटे-बड़े घोंसले बना दिए थे, ताकि गौरैया सुरक्षित रह सकें। सुबह और शाम सैकड़ों गौरैया वहां आती-जाती दिखाई देतीं। उनकी चहचहाहट से पूरा घर गूंज उठता। कई गौरैया तो इतनी अभ्यस्त हो गई थीं कि वे अन्विता से डरती भी नहीं थीं। जब वह दाना डालती तो वे उसके बिल्कुल पास आकर चुगने लगतीं। कभी खाना खाते समय उसके पिताजी और कभी स्वयं अन्विता रोटी का एक छोटा-सा टुकड़ा गौरैयों की ओर फेंक देती।

वह दृश्य अन्विता को अत्यंत प्रिय था। उसे लगता जैसे ये नन्हीं चिड़ियां उसकी सच्ची सहेलियां हों।समय के साथ पढ़ाई आगे बढ़ी और बारहवीं कक्षा के लिए अन्विता को शहर जाना पड़ा। वहां उसे एक छात्रावास में रहना पड़ा। यह उसके जीवन का पहला अवसर था जब वह गांव से दूर रह रही थी। शहर का वातावरण उसके लिए बिल्कुल अलग था। ऊंची-ऊंची इमारतें, भीड़भाड़, वाहनों का शोर और धुएं से भरी हवा। छात्रावास भी पुराना था और उसमें लगभग डेढ़-दो सौ लड़कियां रहती थीं। शुरू-शुरू में अन्विता का मन वहां पर बिल्कुल भी नहीं लगता था। उसे गांव की हर चीज याद आती-खुला आंगन, पेड़ों की छाया, माता-पिता का स्नेह और सबसे बढ़कर गौरैयों की चहचहाहट। छात्रावास में न तो वह खुलापन था और न ही गांव घर वाली सी पक्षियों की वह मधुर और सुंदर दुनिया। छात्रावास की अधिकांश लड़कियां गौरैया और अन्य पक्षियों से परेशान रहती थीं। उन्हें लगता कि पक्षी शोर करते हैं और जगह-जगह गंदगी फैला देते हैं। जब भी कोई गौरैया खिड़की या बरामदे में आ जाती, लड़कियां उन्हें भगाने लगतीं। अन्विता को यह सब अच्छा नहीं लगता था। अन्विता के लिए यह दृश्य बिल्कुल अलग ही था। वह जब भी किसी गौरैया को देखती, उसके चेहरे पर मुस्कान आ जाती। उसे अपने गांव की यादें घेर लेतीं। एक दिन उसने पुस्तक में पढ़ा कि गौरैया की संख्या तेजी से घट रही है और यह पक्षी संकटग्रस्त प्रजातियों की सूची में शामिल हो चुका है। यह पढ़कर वह बहुत चिंतित हो गई। उसके मन में विचार आया कि यदि समय रहते प्रयास नहीं किए गए तो कहीं ऐसा न हो कि जैसे गिद्ध लगभग विलुप्त हो गए, वैसे ही गौरैया भी गायब हो जाए।उसी दिन उसने अपने मन में एक संकल्प लिया-गौरैया को बचाने के लिए वह कुछ न कुछ अवश्य करेगी। उसने अपनी एक अध्यापिका से इस विषय पर गहन चर्चा की। अध्यापिका ने उसके विचारों की सराहना की और उसे एक सामाजिक संस्था (एनजीओ) से संपर्क करने की सलाह दी। उस संस्था के लोग पक्षियों के संरक्षण के लिए काफ़ी समय से काम कर रहे थे।

अन्विता ने अपने छात्रावास से ही इस अभियान की शुरुआत की। उसने छात्राओं को समझाया कि गौरैया केवल एक पक्षी नहीं है, बल्कि हमारे पर्यावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। धीरे-धीरे कुछ छात्राएं उसकी बातों से प्रभावित होने लगीं।उसने छात्रावास के परिसर में छोटे-छोटे घोंसले लगवाए और पानी के पात्र भी रखवाए। हास्टल वार्डन और अध्यापिका की सहायता से शहर के भामाशाहों और दानदाताओं से संपर्क कर उसने और भी घोंसले और दाना-पानी के पात्र(पानी के परिंडे व चुग्गा-पात्र) बनवाए। शहर के कई पार्कों, विद्यालयों और घरों में भी यह अभियान फैलने लगा। कुछ ही महीनों में परिणाम दिखाई देने लगे। जहां पहले बहुत कम गौरैया दिखाई देती थीं, वहां अब फिर से उनकी चहचहाहट सुनाई देने लगी। जब भी कोई गौरैया घोंसले में आती-जाती दिखती, अन्विता के चेहरे पर वही बचपन वाली खुशी लौट आती। उसे लगता जैसे उसने अपने गांव का एक छोटा-सा हिस्सा शहर में फिर से बसा दिया हो। अब लोग उसे प्रेम से गौरैया वाली अन्विता कहने लगे थे। अन्विता को इससे बड़ी कोई खुशी नहीं थी। उसे विश्वास था कि यदि हर व्यक्ति प्रकृति और पक्षियों के प्रति थोड़ा-सा प्रेम और जिम्मेदारी दिखाए, तो धरती हमेशा चहचहाती रहेगी।

(सुनील कुमार महला, पिथौरागढ़, उत्तराखंड )

# पांचवीं-आठवीं का मूल्यांकन हुआ पूरा

## अगले सप्ताह जारी होगा परिणाम

**भोपाल, यश भारत ।**

राजधानी के स्कूलों में पांचवीं और आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है। अब स्कूल प्रबंधन परिणाम तैयार करने में जुटा है और अगले सप्ताह तक परिणाम जारी होने की संभावना है। मार्च के अंतिम सप्ताह में स्कूल प्राचार्यों पर काम का दबाव बढ़ गया है। एक ओर जहां उन्हें परीक्षाओं के परिणाम घोषित करने हैं, वहीं दूसरी ओर अप्रैल से शुरू होने वाले नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियां भी पूरी करनी हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार अन्य कक्षाओं की परीक्षाएं भी अंतिम चरण में हैं और उनका मूल्यांकन कार्य जारी है। मार्च के अंत तक सभी कक्षाओं के परिणाम घोषित करने की तैयारी है।




### नए सत्र की तैयारियां तेज

एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए सत्र को लेकर स्कूलों में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के निर्देश पर स्कूलों में मरम्मत और रंग-रोगन का कार्य चल रहा है। कक्षाओं और शौचालयों की मरम्मत के साथ दीवारों और फर्श को भी दुरुस्त किया जा रहा है। छोटे-छोटे कार्य विभिन्न मदों से पूरे किए जा रहे हैं।

### बिजली की कमी बनी बड़ी चुनौती

गर्मी के मौसम में स्कूलों के सामने बिजली की समस्या बड़ी चुनौती बनकर उभर रही है। फंदा और बैरसिया क्षेत्र के करीब 500 स्कूलों में बिजली कनेक्शन नहीं होने से स्थिति और गंभीर हो सकती है। कई मिडिल स्कूलों में पंखे तक उपलब्ध नहीं हैं, जिससे अप्रैल की भीषण गर्मी में विद्यार्थियों को पढ़ाई कराना कठिन होगा। प्राचार्यों का कहना है कि बिजली के अभाव में कक्षाओं में बैठना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में विद्यार्थियों को गर्मी से राहत देने के लिए कम से कम ठंडे और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करना जरूरी है। जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार अहिरवार ने बताया कि नए सत्र की तैयारियां जारी हैं। पांचवीं और आठवीं का मूल्यांकन पूरा हो चुका है और अन्य कक्षाओं का कार्य भी तेजी से चल रहा है। इस माह सभी परिणाम जारी कर दिए जाएंगे।

## प्राध्यापक के साथ घटना पर अभाविप ने जताई आपत्ति - संगठन से संबंध से किया इंकार

**भोपाल, यश भारत ।** अमरकंटक स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के साथ हुई घटना को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। संगठन ने घटना की निंदा करते हुए इससे किसी भी प्रकार के संबंध से इनकार किया है।

परिषद के पदाधिकारी ने कहा कि घटना में शामिल छात्रों का संगठन से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि परिषद शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने और छात्र हितों के लिए कार्य करता है तथा किसी भी प्रकार की हिंसा का समर्थन नहीं करता। संगठन ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मामले में सख्त कार्रवाई की मांग भी की है।



### समय पर इलाज से बच सकती है जान

## एम्स भोपाल में खतरनाक फॉस्फाइड जहर पर विशेष सत्र आयोजित

**भोपाल, यश भारत ।**

एम्स भोपाल में खतरनाक फॉस्फाइड जहर पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें एल्युमिनियम फॉस्फाइड और जिंक फॉस्फाइड जैसे जहरीले पदार्थों के प्रभाव और उपचार पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि यह जहर शरीर पर तेजी से असर करता है और कई मामलों में जानलेवा साबित होता है। सत्र में जहर के लक्षण, आपात स्थिति में उपचार और अस्पताल में प्रबंधन की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया गया। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि समय पर पहचान और तत्काल उपचार से मरीज की जान बचाई जा सकती है। साथ ही जहर से जुड़े कानूनी पहलुओं और मृत्यु के बाद की जांच प्रक्रिया पर भी जानकारी दी गई। एम्स भोपाल के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस पहल को विष विज्ञान शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में छात्रों, चिकित्सकों और विशेषज्ञों ने सक्रिय भागीदारी की।

# टीईटी परीक्षा निरस्त करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**आष्टा, यश भारत ।**

शिक्षक संयुक्त मोर्चा ब्लॉक आष्टा ने टीईटी परीक्षा निरस्त करने की मांग को लेकर तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों के लिए अनिवार्य की गई शिक्षक पात्रता परीक्षा को समाप्त करने की मांग उठाई गई। मोर्चा का कहना है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के आधार पर सर्वोच्च न्यायालय ने शासकीय सेवा में कार्यरत शिक्षकों के लिए दो वर्षों के भीतर टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया है। इसी क्रम में लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा भी आदेश जारी किए गए हैं। जबकि 1998, 2001 और 2003 में शिक्षकों की नियुक्तियां न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा की गई थीं। इसके


मांग क्रो लेकर ज्ञापन देते मोर्चा पदाधिकारी

अलावा वर्ष 2005 में भी नियमानुसार शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी। शिक्षकों का तर्क है कि जो कर्मचारी वर्षों से नियमों के तहत सेवा दे रहे हैं, उन पर नए कानून को लागू कर परीक्षा उत्तीर्ण करने का दबाव बनाना न्यायसंगत नहीं है। इस आदेश को लेकर प्रदेशभर में शिक्षकों में रोष व्याप्त है। शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने मांग की है कि राज्य सरकार सर्वोच्च न्यायालय में टीईटी के विरोध में पुनर्विचार याचिका दायर करे और लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश को तत्काल वापस लिया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान मोर्चा के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

## जीआरपी की बड़ी सफलता, ट्रेनों में चोरी करने वाले बालक पकड़े

**भोपाल, यश भारत ।**

जीआरपी मुरैना ने ट्रेनों और प्लेटफार्म पर चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए दो विधि विरुद्ध बालकों को अभिरक्षा में लिया है। उनके पास से मोबाइल, सोने के आभूषण और नगदी सहित 3 लाख 63 हजार 400 रुपये का सामान बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार दोनों बालक ट्रेनों में यात्रियों को निशाना बनाकर मोबाइल, पर्स और जेवर चोरी करते थे। पूछताछ में उन्होंने दो मामलों में चोरी करना स्वीकार किया है। कार्रवाई में पुलिस टीम और रेल सुरक्षा बल के कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# गणगौर पर्व का भव्य समापन

## महिलाओं ने की पति की दीर्घायु की कामना

**सिवनीमालवा यश भारत**

सुहागिन महिलाओं एवं युवतियों द्वारा मनाया जाने वाला 16 दिवसीय गणगौर पर्व चैत्र शुक्ल पक्ष तीज के दिन शनिवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर महिलाओं ने पति की दीर्घायु एवं सुखद जीवन की कामना की, वहीं अविवाहित युवतियों ने योग्य वर की प्राप्ति के लिए पूजा-अर्चना की।चैत्र शुक्ल तीज की सुबह महिलाएं और युवतियां पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर श्री सीताराम मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने 'गोर गोर गोमती, ईसर पूजे पार्वती' जैसे मंगल गीत गाते हुए ईसर-गौर की पूजा-अर्चना की।पूजा के दौरान कुमकुम, हल्दी और मेहंदी से टीका लगाकर विधिवत गणगौर पूजन



किया गया।शाम करीब 5 बजे श्री सीताराम मंदिर, कल्लू चौक से ईसर-गौर की प्रतिमाओं को दूल्हा-दुल्हन के रूप में सजाकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने बैंड-बाजे की धुन पर नृत्य करते हुए नगर के मुख्य मार्गों से यात्रा निकाली यह शोभायात्रा राम-जानकी राधा कृष्ण मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।

परंपराओं के साथ हुआ विसर्जन

मंदिर पहुंचकर महिलाओं ने 'पाती झाले' की परंपरा निभाई और ईसर -गौर को अपने-अपने पतियों के नाम से जल अर्पित किया।इसके बाद ज्वारे की बाड़ियों का विधिवत विसर्जन किया गया।शोभायात्रा का नगर के विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया।इस आयोजन में:ब्राह्मण समाजमाहेश्वरी समाज अग्रवाल समाजजैन समाजसकल मारवाड़ी समाजकी महिलाएं, युवतियां और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# 251 महिलाओ ने सिर पर कलश धारण कर निकाली शोभायात्रा

**नर्मदापुरम/इटारसी, यशभारत।**

चैत्र कृष्ण प्रतिपदा एवं हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर न्यास कॉलोनी स्थित कमला नेहरू स्कूल के पास जनसहयोग से नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन शुरू हुआ है। आयोजन के प्रथम दिन फ्रूट मार्केट स्थित ठाकुर श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर से एक कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे शहर को राममय और भगवामय कर दिया।

### नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी यात्रा

बैंड-बाजे और गगनभेदी जयघोष के साथ निकली इस यात्रा में 251 महिलाएं सिर पर कलश धारण कर चल रही थीं। शोभायात्रा में विशेष आकर्षण भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान जी और मां दुर्गा के नव स्वरूपों में सजे नन्हे बालक - बालिकाएं रहे। कथा व्यास



सुनीलानंद महाराज की उपस्थिति में यह यात्रा सराफा मार्केट, जयस्तंभ चौक, सतरस्ता और सब्जी मंडी होते हुए कथा स्थल पहुंची। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा और जलपान के साथ नगरवासियों ने यात्रा का आत्मीय स्वागत किया।कथा स्थल पर कलश स्थापना के पश्चात वृंदावन से आई कलाकारों की टीम द्वारा मां काली की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। आयोजन समिति ने बताया कि यह संपूर्ण आयोजन क्षेत्र के जनसहयोग से संपन्न हो रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पीले वस्त्र धारण कर शामिल हो रहे हैं।

### शैलपुत्री और ब्रह्मचारिणी स्वरूपों का पूजन

कथा के दौरान मां दुर्गा के स्वरूप में सजी कन्याओं मां शैलपुत्री एवं ब्रह्मचारिणी का विशेष पूजन-अर्चन किया। व्यासपीठ से सुनीलानंद महाराज ने भागवत महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत कथा केवल श्रवण मात्र नहीं, बल्कि जीवन को सात्विक बनाने का मार्ग है। कथा के विश्राम के पश्चात देर शाम तक महिला भजन मंडलियों द्वारा प्रस्तुत सुमधुर भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। कथा के तृतीय दिवस यानी आज महाराज श्री ने शुकदेव आगमन एवं राजा परीक्षित के जन्म का प्रसंग सुनाया जाएगा। इसके साथ ही वृंदावन की टीम द्वारा आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी जनता से दोपहर 1:30 बजे कथा स्थल पर पहुंचकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

## पंडित शंभूनाथ शुक्ल स्मरण समारोह में सुचिता की राजनीति पर जोर

**भोपाल, यश भारत ।** पंडित शंभूनाथ शुक्ल के स्मरण में आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने उन्हें मूल्यों और सुचिता की राजनीति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और उनसे प्रेरणा लेकर समाज को सही दिशा दी जा सकती है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने पंडित शुक्ल के बहुआयामी व्यक्तित्व और समाज सेवा के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि उनके विचारों पर चलकर ही समाज और देश को आगे बढ़ाया जा सकता है। समारोह में जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों और गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रफुल्ल बोहरे के निधन पर जताया शोक

**भोपाल, यश भारत ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने खुरई के मीडिया प्रभारी प्रफुल्ल बोहरे के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# भोपाल मंडल की 6 ट्रेनों का रांची रोड और पतरातू में अस्थायी ठहराव




**भोपाल, यश भारत ।**

रेल प्रशासन ने भोपाल मंडल से होकर गुजरने वाली 6 ट्रेनों के ठहराव में बदलाव किया है। अब ये ट्रेनें बड़काकाना के स्थान पर धनबाद मंडल के रांची रोड और पतरातू स्टेशन पर अस्थायी रूप से रुकेंगी। यह व्यवस्था अगले आदेश तक लागू रहेगी।

कोलकाता-मदार जंक्शन एक्सप्रेस, कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस और हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस सहित कुल 6 ट्रेनों के लिए यह निर्णय लिया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अलग-अलग तिथियों से इन ट्रेनों का रांची रोड और पतरातू स्टेशन पर आगमन और ठहराव होगा। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले ट्रेनों की समय सारणी की जानकारी आधिकारिक माध्यमों से प्राप्त कर लें।

## एसआईआर में सहयोग के लिए मोहित सम्मानित



**हिरदाराम नगर, यशभारत**

मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ को ?सहयोग करने के लिए साधु वासवानी कॉलेज की एनएसएस की स्वयंसेवक समिति के अध्यक्ष मोहित नरवरिया को सम्मानित किया गया। वार्ड तीन के जोन एवं पार्षद प्रतिनिधि विकास मारण ने सम्मान पत्र प्रदान किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ए.के सिंह एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रश्मि सिलारपुरिया बताया कि रासेयो स्वयंसेवक समय-समय पर समाजसेवा से जुड़े विभिन्न कार्यों में सहभागिता करते हैं।

## जय झूलेलाल के उद्घोष से गूंजा सिंधु समाज, भव्य शोभायात्रा ने मोह लिया सबका मन

# सिंधु समाज की गौरवशाली परंपराः शोभा यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

**संतनगर, यशभारत**

संत नगर के मिनी मार्केट से जब सिंधु समाज की शोभायात्रा का आगाज़ हुआ, तो पूरा दृश्य केसरिया और पीले रंग में रंगा नजर आया। समाज के युवाओं और बुजुर्गों ने पारंपरिक पीले साफे और 'जय झूलेलाल' लिखी टोपियां पहन रखी थीं। यह केवल एक पोशाक नहीं, बल्कि सिंधी पहचान और इष्ट देव सांई झूलेलाल के प्रति अटूट श्रद्धा का प्रतीक था। जैसे ही शोभायात्रा शुरू हुई, 'आयो लाल, झूलेलाल' के नारों से पूरा आसमान गूंज उठा।

### ऊंट, घोड़े, बग्गी और शिव तांडव की जीवंत झांकी

शोभायात्रा सबसे आगे सजे-धजे ऊंट और घोड़े चल रहे थे, जो प्राचीन राजसी परंपराओं की याद दिला रहे थे। बग्गियों में समाज के वरिष्ठ जन और संत विराजमान थे। आकर्षण का केंद्र 'शिव तांडव' की जीवंत प्रस्तुति रही, जिसे देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। सिंधी समाज के लोग एक ही रंग के कुर्ती-पजामे में अनुशासित तरीके से चलते हुए यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। उनकी एकता और अनुशासन ने समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया।





### भजन सम्राट लखबीर सिंह लक्खा की मौजूदगी

शोभायात्रा में चार चांद लगाने पहुंचे देश के मशहूर भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा। लक्खा को अपने बीच पाकर लोगों का उत्साह दोगुना हो गया। यात्रा के दौरान ही उनके साथ फोटो खिंचवाने और सेल्फी लेने के लिए युवाओं और प्रशंसकों में होड़ मची रही। लक्खा ने भी अपनी चिरपरिचित मुस्कान के साथ भक्तों का अभिवादन स्वीकार किया, जिससे यात्रा का माहौल पूरी तरह भक्तिमय और उल्लासपूर्ण हो गया।

### सक्षक कटारिया ग्रुप का धमाल

इस बार की शोभायात्रा में छत्तीसगढ़ के रायपुर से विशेष रूप से आए सक्षक कटारिया ग्रुप ने समां बांध दिया। एक विशाल ट्राले पर सवार इस ग्रुप ने जब सिंधी भजनों की प्रस्तुति शुरू की, तो सड़क पर चल रहा हर श्रद्धालु नाचने पर मजबूर हो गया। आधुनिक वाद्य यंत्रों और पारंपरिक सिंधी धुनों के मेल ने आदर्श मार्ग पर ऐसा वातावरण बनाया कि पैर अपने आप थिरकने लगे।

### सांई झूलेलाल की अखंड ज्योतिः श्रद्धा का मुख्य केंद्र

शोभायात्रा में सबसे आगे एक भव्य रूप से सजाए गए ट्राले में सांई झूलेलाल की ज्योति प्रज्वलित थी। भक्त इस ज्योति के दर्शन कर खुद को धन्य महसूस कर रहे थे। जगह-जगह महिलाओं ने आरती उतारी और सिंधी समाज की पंचायतों ने ज्योति के सम्मुख मत्था टेका। यह ज्योति सिंधी समाज की एकता और अखंडता का प्रतीक मानी जाती है।

### सामाजिक संस्थाओं ने किया पुष्प वर्षा से स्वागत

जब शोभायात्रा संत नगर बस स्टैंड पहुंची, तो वहां भव्य स्वागत मंच सजाए गए थे। विधायक रामेश्वर शर्मा, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष गोबिंद गोयल और विधायक भगवानदास सबनानी ने शिरकत की। इन दिग्गज हस्तियों ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की और सिंधी समाज के संतों, महात्माओं और विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया। नेताओं ने अपने संबोधन में सिंधी समाज को पुरुषार्थी और संस्कृति का रक्षक बताया।

### एक किलोमीटर लंबी शोभा यात्रा

यह शोभायात्रा करीब एक किलोमीटर से भी अधिक लंबी थी। इसकी विशालता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जब यात्रा का अगला हिस्सा विसर्जन स्थल की ओर बढ़ रहा था, तब पिछला हिस्सा अभी मिनी मार्केट के पास ही था। पूरे मार्ग में सामाजिक संस्थाओं द्वारा शीतल जल, शरबत, फल और प्रसादी के स्टॉल लगाए गए थे। हर जाति और वर्ग के लोगों ने इस यात्रा का स्वागत कर आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की।

# जल गंगा संवर्धन अभियान तालाब स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन





**बेलखाडू , यश भारत।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड पनागर नवांकुर संस्था जन जागरण युवा समिति सेक्टर बरोदा के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान जल शक्ति से नव भक्ति,अंतर्गत नचिकेता महाविद्यालय के छात्र,छात्राओ,एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ग्राम सूखा के सदस्यों की उपस्थिति में तालाब स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत सूखा के शासकीय तालाब में डॉ रितेश सिंह ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत सूखा पुष्पराज त्रिपाठी वरिष्ठ नागरिक, भारत महरोलिया विकासखंड समन्वयक, राहुल बोहरे एवं डॉ प्रज्ञा दुवे कार्यक्रम अधिकारी नचिकेता महाविद्यालय, अजय पटेल सेक्टर प्रभारी नवांकुर संस्था की उपस्थिति में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैसर्वप्रथम डॉ रितेश सिंह ठाकुर सरपंच सूखा के द्वारा बताया कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशन में पूरे मध्यप्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम का आयोजन जनभागीदारी,जनसहयोग,श्रमदान से किया जा रहा है जिसमे आमजनों को सुरक्षित जल समृद्ध कल का संदेश दिया जा रहा उसी तारतम्य में आज नचिकेता महाविद्यालय जबलपुर के शिक्षक व छात्र छात्राओं,एवं प्रस्फुटन समिति सदस्यों की उपस्थिति में शासकीय तालाब में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आमजनों को जल है तो कल है का संदेश दिया गया है भारत महरोलिया विकासखंड समन्वयक के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान को विकासखंड में तीन अलग अलग चरणों मे कार्यक्रम आयोजन के विषय मे वताया जिसमेप्रथम चरण में जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम का आयोजन,जन सहभागिता से जल स्त्रोतों की साफ सफाईद्वतीय चरण में जल स्त्रोत सेवा समागम जिसमे परियट नदी संरक्षण पुनर्जीवन,स्वच्छता जन जागरूकता एवं अन्य जल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजनतृतीय चरण में बाबड़ी उत्सव कार्यक्रम अंतर्गत जन सहभागिता से जल स्त्रोतों की साफ सफाई गहरीकरण,जल संरक्षण के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगाकार्यक्रम को पुष्पराज त्रिपाठी वरिष्ठ नागरिक, राहुल बोहरे एवं,डॉ प्रज्ञा दुवे कार्यक्रम अधिकारी नचिकेता महाविद्यालय के द्वारा भी संबोधित किया गया हैकार्यक्रम पश्चात तालाब के किनारे मुक्तिधाम परिसर में आम व पीपल के पौधों को सभी की उपस्थिति में लगाया गया हैश्रमदान कार्यक्रम में अजय पटेल नवांकुर संस्था, हेमराज चौधरी अध्यक्ष प्रस्फुटन समिति, सतीश पटेल, सुभम पटेल परामर्शदाता की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न किया गया है।

## टीईटी परीक्षा शिक्षकों के सम्मान में संघ दायर करेगा सुप्रीमकार्ट में पुनर्विचार याचिका

**गोसलपुर, यश भारत।** टीईटी पात्रता परीक्षा के सम्बध में राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह ने प्रदेश के शिक्षकों के हित मेंमा. सर्वोच्चच-यायालय में पुर्नविचार याचिका दायर करने का निर्णय लिया गया हैजबलपुर जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय को दूरभाष पर यह जानकारी दी गई है,याचिका दायर करने के लिए संयोजक निरंजन सिंह घुरैया, सहसंयोजक अशोक दीपेरा,आरडी प्रदेश मंत्री, जितेन्द्र शाक्य, जिला अध्यक्ष भोपाल एवं नारायण चतुर्वेदी, संभाग उपाध्यक्ष भोपाल को अधिकृत किया गया है मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के द्वारा संपूर्ण मध्य प्रदेश में आंदोलन कर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को ज्ञापन देकर यह आग्रह किया गया था कि म0प्र0 सरकार माननीन सर्वोच्च न्यायालय में पुर्नविचार याचिका दायर करे, किन्तु म.प्र. सरकार द्वारा इस संबंध में कोई पहल करना प्रतीत नहीं दिख रहा है इस लिए संघ द्वारा स्वयं याचिका दायर करने की कार्यवाही की जा रही हैमध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, बृजेश मिश्रा, रजनीश पांडेय,के जी पाठक, दाल चंद पासी, योगेन्द्र मिश्रा, शिवदत्त मिश्रा, उमाकांत पटेल,राम शंकर शुक्ला , मंसूर वेग, गगन चौबे, राकेश उपाध्याय, विनय नामदेव, सतीश उपाध्याय ने शिक्षकों के हित में लिए गए इस निर्णय की प्रशंसा की है।

## दो दिवसीय आनंद महोत्सव का आयोजन 29 एवं 30 मार्च को तैयारियां जोरों पर



**बरेला , यश भारत।** परमहंस योगेश्वर 1008 श्री दादा ठन ठन पाल जी महाराज के द्वारा चैत्र शुक्ल पक्ष की एकादशी 1962 को समाधि ली गई थी उसी के उपलक्ष में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी चैत्र शुक्ल पक्ष की एकादशी को बरेला नगर में आनंद महोत्सव मंच बरेला एवं श्री दादा ठन ठन पाल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन बरेला एवं क्षेत्र के समस्त दादा भक्तों के द्वारा के द्वारा परमहंस योगेश्वर दादा ठन ठन पाल जी महाराज जी के निर्वाण गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है इस वर्ष भी 29 एवं 30 मार्च को विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें 29 मार्च को समिति एवं दादा भक्तों के द्वारा सुबह 8 बजे विशाल वाहन रैली भैरव बाबा मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए दादाजी की समाधि स्थल जमुनिया में पूजन अर्चन एवं आरती प्रसाद वितरण कर समाप्त होगी 29 मार्च को ही शाम 6:00 बजे विशाल कलश शोभा यात्रा में लगभग चार सौ से पांच सौ महिलाऐ एवं बच्चियां कलश यात्रा में शामिल होगी । दादा जी की मूर्ति के रथ के साथ शोभायात्रा में धूनी वाले दादा एवं साई बाबा जी की मूर्ति भी शोभा यात्रा में पृथक रथ में शामिल होंगी शोभायात्रा शाम 6:00 बजे भैरव बाबा मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए मेला ग्राउंड से वापस बरेला में स्थापित बस स्टैंड में दादा मंदिर मैं महा आरती के बाद थाने के सामने रामलीला रंग मंच पर मूर्ति स्थापित की जाएगी द्वितीय दिवस 30 मार्च को शाम 7:00 बजे से श्री दादा जागरण का आयोजन किया जाएगा जिसमें अंगना पधारो महारानी के गायक मनीष अग्रवाल, बड़ी खेर माई जबलपुर वाली के अभिषेक बर्मन, दही खा लो मटकिया ना देहो के नितेश राज,माई के दीवाने जबलपुर वाले के नरेंद्र राज, एवं सुन माता अंजना ध्यान से तेरा लल्ला अखाड़े में दंड पेलता के संदीप कसोरिया के द्वारा द्वारा जागरण का आयोजन किया जाएगा। क्षेत्र के समस्त दादा भक्तों से उपस्थित की अपील की जाती है।

# सुख शांति ,परम कल्याण प्रदान करती है रामकथा

**गोसलपुर, यशभारत। गोसलपुर नगर में स्थित बड़ी खेरमाता मंदिर ग्राम देवालय में चैत्र नवरात्र की बैठकी से प्रारंभ हुई रामकथा के द्वितीय दिवस पर कथा वाचक पूज्या सुश्री गुरु प्रिया दीदी ने भारद्वाजयाज्ञबल्क्य के संवाद को आसंदी से संबोधित करते हुए बताया कीयह संवाद प्रयाग में ऋषि भारद्वाजके आश्रम में ऋषि यज्ञबल्क्यके साथ होता है ।**





भारद्वाज जी नेयज्ञ वाल्क्य जी से राम कथा सुनाने की प्रार्थना की थी यह जानते हुए भी की वे राम के दिव्य चरित्र को जानते हैं वे कथा के माध्यम से ज्ञान भक्ति और वैराग्य को समझना चाहते थेयज्ञ वल्क्य जी ने भारद्वाज की प्रशंसा की और कहां की राम कथा के रहस्य को भली भांति जानते हैं उन्होंने राम कथा को कल्याणकारी और मोक्ष देने वाली कथा बतायाकथावाचक सुश्री गुरु प्रिया दीदी ने कहा कीयह संवाद इस बात पर जोर देता है की श्रीराम कथा निस्वार्थ भाव से सुनने पर सुख शांति और परम कल्याण को प्रदान करती है सभी यजमानों ने आरती की एवं प्रसाद वितरण हुआइस मौके पर आयोजन समिति के कपिल गर्ग राजू सिंह ठाकुर राकेश तिवारी अर्पित चौबे हेमचंद असाटी संदीप सोंधिया सचिन तिवारी कुलदीप अवस्थी गोंविद दृविंदी गोटीराम राज पटेल सचिन तिवारी पीसी बर्मन हेमंत दुबे संगम तिवारी मेजर सेन रोहणी पटैल अन्य लोगउपस्थित थे।



# जल स्रोत की सफाई कर की पूजा

**गोसलपुर, यश भारत।** जनपद पंचायत सिहोरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत जुझारी में संचालित ग्राम विकास प्रस्फुट्न समिति के अध्यक्ष दीपक पटेल के नेतृत्व में जल स्रोत यानी हैंडपंप का पूजन अर्चन कर साफ सफाई की गई एवं जल संरक्षण अभियान की दिशा में लोगों को संदेश दिया गया।

# सड़क पर अज्ञात मोटरसाइकिल में आग, जलकर हुई खाक

**बेलखाडू यश भारत।** बेलखाडू चौकी अंतर्गत बंघोड़ा रोड पुल के पास रात करीब 9 बजे एक अज्ञात मोटरसाइकिल में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई और कुछ ही देर में वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। राहगीरों के अनुसार पुल के पास बघोड़ी मोड पर एक मोटरसाइकिल रोड पर पड़ी हुई थी जिसमें धुआं निकलता देखा मौके पर मौजूद लोगों ने बेलखाडू पुलिस को सूचना कर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन कुछ ही देर बाद पेट्रोल टैंक में आग लगने से लपटें तेजी से फैल गई।देखते ही देखते बाइक पूरी तरह आग की चपेट में आ गई और कुछ ही मिनटों में जलकर नष्ट हो गई मौके पर पहुंचे बेलखाडू चौकी प्रभारी राजेश धुर्वे द्वारा जली हुई अज्ञात मोटरसाइकिल को जप्त कर मामले की जांच कि जा रही है



# युवक कांग्रेस का गैस को लेकर प्रदर्शन आज

पनागर ,यश भारत। युवक काग्रेस और काग्रेस द्वारा देश में बढ़ती हुई महंगाई गैस की किल्लत और डीजल, पेट्रोल के दामों को लेकर केन्द्र और राज्य सरकार की नकामी को लेकर पनागर बस स्टैंड में युवक कांग्रेस के द्वारा मिट्टी के चूल्हे में चाय एवं पकोडे तल कर प्रदेशन किया जावेगा आज 22 मार्च को 5.30 शाम दिन रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई है

कार्यक्रम में युवक काग्रेस के जिला ग्रामीण अध्यक्ष शुभम श्रीवास्तव ( राजा ) राजेश पटेल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, राधेश्याम चौथे संजय श्रीवास्तव अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, विमल जैन राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि प्रदीप पटेल भीम अध्यक्ष नगर पालिका अधिवक्ता महेंद्र चक्रवर्ती उपाध्यक्ष, प्रमोद पटेल पार्षद महेंद्र पटेल आकाश प्रजापति सुनील कुशवाहा



नगर अध्यक्ष पार्षद तुलसीराम कुशवाहा पार्षद बेदी लाल कुशवाहा उपस्थित रहेंगे

# बरेला में धूमधाम से मनाई गई ईद-उल-फितर

**बरेला , यश भारत। नगर में ईद-उल-फितर का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। अहले सुन्नत जामा मस्जिद, बरेला में बड़ी संख्या में लोगों ने एकत्र होकर ईद की नमाज़ अदा की। इस मौके पर मौलाना अरमान रज़ा ने नमाज़ अदा कराई और देश में अमन-चैन, खुशहाली और आपसी भाईचारे की दुआ मांगी।**



नमाज़ के बाद सभी लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर सेवइयों और मिठाइयों का आनंद लिया, जिससे पूरे नगर में त्योहार की रौनक बनी रही।इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें जामा मस्जिद के अध्यक्ष मोहम्मद अहमद, जहीर अहमद खान, अरविंद तिवारी, रामजी रैकवार, पार्षद दीपक सोनकर, पार्षद भूपेंद्र यादव, विजय जैन, नरेश पटेल, आई.पी.एस. ठाकुर साहब, शेख सलीम, शेख मुन्ना सद्दाम, शेख सत्तार , गफ्फार , शाहिद टोले खान, शाकिर खान, शेख अब्बास, बाबू सलाम, बाबू कलाम, शेख नवाब, सलीम ठेकेदार, शेख लालू, शेख वाहिद, निसार खान, ट्विंकल खान, शेख मल्लू, शेख सुलेमान, शेख शानू, मुस्ताक खान, पप्पू खान, मोहसिन खान, जाहिद, सिकंदर खान, फारुख खान, सोनू खान, टिन्नी शाह, साबू शाह, शेख कलीम, शेख नईम सहित अनेक लोग शामिल रहे।

नगर में प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कुल मिलाकर बरेला में ईद-उल-फितर का यह पर्व आपसी प्रेम, एकता और भाईचारे का प्रतीक बनकर मनाया गया।



# ईद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**पनागर, यशभारत।** आज पनागर मैं ईदुल फितर का पर्व हर्षोल्लास खुशी के साथ मनाया गया आज सुबह ईद की नमाज 9 बजे जामा मस्जिद ईदगाह मैं हाफिज शरीफ साहब औय मौलाना आरिफ रजा की कयादत मैं अदा की गई और मुल्क मैं अमन चैन खुशहाली की दुआ की नमाजोउपरांत सभी मुस्लिम भाइयों के साथ नगर के गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति मैं सभी ने गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की और खुशी का इजहार किया उपस्थित जनप्रतिनिधियों मैं प्रदीप पटैल अध्यक्ष नगरपालिका महेन्द्र चक्रवर्ती उपाध्यक्ष नगरपालिका विमल जैन राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि आनंद जैन मिंचू भाई पूर्व अध्यक्ष शेलेन्द्र साहु मंडल अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ब्लाक अध्यक्ष बाबू खान पार्षद प्रमोद पटेल पार्षद बेडीलाल लाल कुशवाहा शेंकी यादव सुभाष पटेल ब्लाक अध्यक्ष पंडा कोरी विवेक पटेल उपाध्यक्ष जिला पंचायत अनारी कोरी मुकेश गोटियां पार्षद अशोक श्रीवास्तव जलील मालगुजार अहमद खान नसीब बाबा मो अहमद रेहान आदि।

## सिहोरा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का गठन, 30 सदस्यीय टीम घोषित जीतू पटवारी के निर्देश और जिला अध्यक्ष संजय यादव के मार्गदर्शन में बनी नई कार्यकारिणी

**सिहोरा, यशभारत।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष संजय यादव के मार्गदर्शन, सहमति एवं अनुमोदन से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा (जिला जबलपुर) की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इसकी घोषणा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा के अध्यक्ष बिहारी पटेल द्वारा की गई। नई कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष पद पर राजेश पटेल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं उपाध्यक्ष अवसर पटेल, मनीष शुक्ला, दिलीप जैन, श्रीमती माधुरी दाहिया, श्रीमती मनीषा पटेल एवं अजय पाठक 'डब्बू' को नियुक्त किया गया है।

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN
SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

# रहस्य रोमांच

## बॉयफ्रेंड की दरिंदगी 40 फीट की ऊंचाई से लड़की को फेंका

*प्यार में इंसान अंधा हो जाता है, यह कहावत आपने कई बार सुनी होगी, लेकिन जब यही प्यार सनक और शक में बदल जाए, तो जानलेवा साबित हो सकता है. ब्रिटेन के सोलिहुल से एक ऐसा ही रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक 22 साल के युवक जॉर्डन हेरिंग ने अपनी 18 साल की गर्लफ्रेंड बॉबी गुडमैन को चौथी मंजिल की खिड़की से नीचे फेंक दिया. करीब 40 फीट की ऊंचाई से गिरने के बाद बॉबी की जान तो बच गई, लेकिन उनके शरीर की लगभग सारी हड्डी टूट चुकी थी.*

*इस खौफनाक वारदात के बाद जॉर्डन ने पुलिस के सामने झूठ बोला कि बॉबी ने खुद खुदकुशी करने के लिए छलांग लगाई थी. अब करीब तीन साल के लंबे इंतजार के बाद बॉबी को इंसाफमिला है और कोर्ट ने जॉर्डन को दोषी करार दिया है.*



यह पूरी घटना तीन साल पहले शुरू हुई थी, जब जॉर्डन अपनी मां के हाई-राइज फ्लैट में बॉबी के साथ था. बॉबी बताती हैं कि जॉर्डन बहुत ही शकी मिजाज का था और अक्सर उन पर बेवजह धोखा देने का आरोप लगाता रहता था. उस रात भी दोनों के बीच जमकर बहस हुई. बॉबी को आज भी वे डरावने पल याद हैं जब जॉर्डन ने उनका सिर खिड़की से बाहर लटका दिया था और चिल्लाते हुए कहा था, 'मैं तुम्हें यहां से नीचे फेंक दूंगा, मैं तुम्हें जान से मार दूंगा.' इसके बाद जॉर्डन ने अपनी धमकी को हकीकत में बदल दिया और बॉबी को 40 फीट नीचे घास के मैदान पर फेंक दिया. सीसीटीवी फुटेज में वह खौफनाक मंजर कैद हुआ जब बॉबी आसमान से जमीन पर गिरीं. गिरने के बाद वे बेहोश हो गई थीं, लेकिन जॉर्डन ने तुरंत एम्बुलेंस बुलाने के बजाय उन्हें उठाकर वापस फ्लैट में ले गया.

करीब एक घंटे बाद जॉर्डन की मां ने पुलिस को फोन किया और कहा कि उन्हें डर है कि उनका बेटा बॉबी को जान से मार डालेगा. अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने पाया कि बॉबी के फेफड़े फट चुके थे, पेल्विस (कूल्हे की हड्डी) चकनाचूर हो गई थी, पसलियां टूट गई थीं और उनकी रीढ़ की हड्डी में भी गंभीर चोट आई थी. बॉबी को एक महीने तक द्बष्ट में जिंदगी और मौत के बीच जूझना पड़ा और कई महीनों तक वे व्हीलचेयर पर रहीं. अदालत में सुनवाई के दौरान जॉर्डन के परिवार और दोस्तों ने बॉबी को झूठा साबित करने की पूरी कोशिश की, जिससे बॉबी मानसिक रूप से टूट चुकी थीं. लेकिन जॉर्डन के पिछले व्यवहार और सबूतों के आधार पर बर्मिंघम क्राउन कोर्ट ने उसे 'गंभीर शारीरिक चोट' पहुंचाने और 'नियंत्रक व्यवहार' का दोषी पाया. हालांकि, उसे हत्या के प्रयास के आरोप से बरी कर दिया गया, जिससे बॉबी थोड़ी निराश भी हैं. बॉबी का कहना है कि तीन साल का समय उनके लिए किसी नर्क से कम नहीं था, जहाँ उन्हें न केवल अपनी शारीरिक चोटों से लड़ना पड़ा, बल्कि समाज के तानों का भी सामना करना पड़ा. आज 21 साल की हो चुकीं बॉबी बर्मिंघम एयरपोर्ट पर बारटेंडर के रूप में काम कर रही हैं, लेकिन उनके शरीर में आज भी लोहे की तीन पिन लगी हुई हैं.

## ड्यूटी पर गटक गया 3 लीटर बीयर, कंपनी ने 'पियक्कड़' कर्मचारी को निकाला बाहर

*काम के दौरान नशा करना या शराब पीना किसी भी कंपनी में गंभीर अनुशासनहीनता मानी जाती है. इसके लिए कर्मचारी को तुरंत नौकरी से हाथ धोना पड़ सकता है. लेकिन स्पेन के मर्सिया से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने दुनिया भर के कॉर्पोरेट जगत को हैरान कर दिया है. यहां एक इलेक्ट्रिकल कंपनी में काम करने वाले शख्स को इसलिए नौकरी से निकाल दिया गया, क्योंकि वह ड्यूटी के दौरान भारी मात्रा में बीयर पीता था. कंपनी ने सबूत के तौर पर प्राइवेट जासूस तक लगाए, जिन्होंने अपनी रिपोर्ट में बताया कि यह शख्स एक दिन में करीब 3 लीटर बीयर गटक जाता था. लेकिन जब यह मामला कोर्ट पहुंचा, तो जज ने जो फैसला सुनाया उसने कंपनी के होश उड़ा दिए. कोर्ट ने न केवल कर्मचारी की बर्खास्तगी को गलत बताया, बल्कि कंपनी को उसे 47,000 यूरो (करीब 50 लाख रुपये) का हर्जाना देने का भी आदेश दिया.*



इस कानूनी लड़ाई की शुरुआत तब हुई जब कंपनी को अपने एक इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन वर्कर के व्यवहार पर शक हुआ. कंपनी ने उसकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एक प्राइवेट डिटेक्टिव को काम पर रखा. जासूस ने कई दिनों तक उस शख्स का पीछा किया और एक विस्तृत रिपोर्ट पेश की. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, वह शख्स पार्किंग लॉट्स और बार में जाकर बीयर पीता था. एक दिन तो उसने अपने लंच ब्रेक के दौरान ही 3 लीटर बीयर पी ली थी. यह एक बहुत ही गंभीर मामला था, क्योंकि वह कर्मचारी कंपनी की गाड़ी भी चलाता था. इस बारे में कंपनी का कहना था कि उसकी शराब पीने की आदत न केवल काम को प्रभावित कर रही थी, बल्कि दूसरों की जान को भी खतरे में डाल रही थी, क्योंकि वह गाड़ी भी चलाता था. इसी आधार पर उसे तुरंत नौकरी से निकाल दिया गया. हैरानी की बात यह है कि कर्मचारी ने अपनी गलती मानने के बजाय कंपनी पर गलत तरीके से निकालने का मुकदमा ठोक दिया. 'हाई कोर्ट ऑफ जस्टिस ऑफ मर्सिया' में चली सुनवाई के दौरान जजों ने माना कि कर्मचारी का व्यवहार अनुचित था, लेकिन कंपनी द्वारा दी गई सजा बहुत ज्यादा सख्त थी. कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि कंपनी के पास दो ही विकल्प हैं, पहला यह कि या तो वे उस शख्स को दोबारा नौकरी पर रख लें और दूसरा यह कि फिर उसे करीब 50 लाख रुपये का मुआवजा दें. स्पेनिश कोर्ट ने इस फैसले के पीछे कई दिलचस्प तर्क दिए. जजों का मानना था कि लंच ब्रेक को तकनीकी रूप से 'वर्किंग आवर्स' यानी काम का समय नहीं माना जा सकता.

# स्पोर्ट्स

## 900 गोल दागने वाले दूसरे फुटबॉलर बने मेसी



**फोर्ट लॉडरडेल (ईएमएस)।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने इंटर मियामी की ओर से खेलते हुए अपना 900वां गोल कर एक और रिकार्ड अपने नाम किया है। मेसी ये उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे फुटबॉलर हैं। इससे पहले ये रिकार्ड पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम था। रोनाल्डो ने साल 2024 में ही 900 गोल का आंकड़ा हासिल कर लिया था। हालांकि रोनाल्डो ने 900 गोल के लिए मैसी से 100 मैच अधिक खेले हैं। मेसी लगभग दो दशक तक बार्सिलोना की तरफ से खेलते रहे और उन्होंने अपने आधे से अधिक गोल इस क्लब की ओर से ही किए हैं।

मेसी ने नैशविले के खिलाफ कॉनकाफ चैंपियंस कप राउंड ऑफ 16 मैच में एक गोल करने के साथ ही अपने 900 गोल पूरे किये। मेसी के 900 गोल तक पहुंचने पर उन्हें बधाई मिली हैं। मेसी गोल के बाद भी इटर मियमी को जीत नहीं दिला पाये और नैशविले ने मियामी को 1-1 से ड्रॉ पर कर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पिछले सप्ताह भी नैशविले में राउंड ऑफ 16 के पहले चरण में गोलरहित ड्रॉ खेला था। मेस्सी ने क्लब और देश के लिए 47 ट्रॉफियां जीती हैं जिनमें अर्जेंटीना के लिए 2022 विश्व कप और इंटर मियामी के साथ पिछले सत्र का एएलएस खिताब शामिल है। इस तरह वह पुरुष फुटबॉल के इतिहास में सबसे अधिक खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

## मध्य पूर्व संघर्ष के कारण जिमनास्टिक्स विश्व कप स्थगित



**जिनेवा (ईएमएस)।** विश्व जिमनास्टिक्स संघ के अनुसार मध्यपूर्व में अमेरिका और ईरान के बीच संघर्षको देखते हुए यहां अगले माह अप्रैल में खेला जाने वाला आर्टिस्टिक जिमनास्टिक्स विश्व कप स्थगित कर दिया गया है। विश्व जिमनास्टिक्स ने अपने एक बयान में कहा, एक आपात ऑनलाइन वोटिंग के बाद उसकी कार्यकारी कमेटी ने दोहा में 15 से 18 अप्रैल तक होने वाले आर्टिस्टिक जिमनास्टिक्स विश्वकप 2026 सत्र को स्थगित कर दिया है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार मध्यपूर्व में संघर्ष शुरु होने के बाद से ही कई देशी ने टूर्नामेंट के लिए अपने नाम वापस ले लिये थे। विश्व जिमनास्टिक्स ने ये भी कहा कि अप्रैल में मिस्र के काहिरा और ओसिजेक में होने वाले अंतिम दो अपैरेटस विश्व कप के लिए देर से अवेदन भी किया जा सकता है। साथ ही कहा कि जिमनास्टिक्स संघर्ष से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए तैयार है। इसके साथ ही उम्मीद करता है कि हालात फिर पहले जैसे होंगे।

इसके अलावा, विश्व जिमनास्टिक्स की बैठम में कई नियमों में बदलावों को मंजूरी दी गई। रैंकिंग की गणना के लिए सबसे ज्यादा परिणामों की संख्या को भी ध्यान में रखा जाएगा।

## गेंदबाजी कोच कोच भरत अरुण के आने से सुपरजायंट्स को लाभ होगा : ऋषभ

**लखनऊ (ईएमएस)।** लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा है कि नए गेंदबाजी कोच कोच भरत अरुण के आने से टीम को लाभ होगा। ऋषभ ने कहा, तेज गेंदबाजों के साथ अभ्यास शिविर अच्छा रहा है। जब से भरत अरुण टीम से जुड़े है सभी खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ा है, वह हर खिलाड़ी के प्रदर्शन पर नजरें रखते हुए अपने सुझाव देते हैं। उनके साथ हर मामले में हमारी बातें होती हैं। वह इसका ध्यान रखते हैं कि मैं गेंदबाजों से क्या चाहता हूं और उन्हें क्या लगता है कि वह टीम में क्या जोड़ सकते हैं। माहौल बहुत ही सकारात्मक है। वह सबसे बेहतरीन गेंदबाज कोच में से एक हैं और मुझे उन पर पूरा भरोसा है। अरुण का अनुभव और गेंदबाजों के साथ उनका तालमेल, खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाने और उनके प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए ये बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा, वह अपना अनुभव साथ लाते हैं।




# रंग संसार

## रहमान डकैत की मौत पर अभिनेता रजत को हो रही थी रोने में दिक्कत



**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म धुरंधर 2 के निर्देशन की एक ओर जहां सराहना हो रही है, तो वहीं फिल्म के इमोशनल सीन्स ने भी दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी है। फिल्म के कलाकार रजत अरोड़ा और विक्रम भाम्बरी ने हाल ही में अक्षय खन्ना के डेथ सीन को लेकर कई दिलचस्प बातें साझा की हैं। कलाकार रजत अरोड़ा ने बताया कि इस भावनात्मक सीन को शूट करना उनके लिए आसान नहीं था। उन्होंने निर्देशक आदित्य धर से पूछा था कि क्या वे अपने कॉन्टैक्ट लेंस हटा सकते हैं, क्योंकि इससे उन्हें रोने में दिक्कत हो रही थी। इस पर आदित्य धर ने उन्हें सीन की गहराई समझाते हुए कहा कि रहमान डकैत का किरदार उनके लिए पिता समान है, इसलिए उन्हें वही भावना लानी होगी जैसे अपने पिता के निधन पर होती है। रजत के मुताबिक, इस एक ब्रीफने पूरे सीन की दिशा बदल दी और सभी कलाकार उसी भाव में डूबकर अभिनय करने लगे। उन्होंने आगे बताया कि निर्देशक ने पूरी टीम से कहा था कि हर कलाकार को ऐसा महसूस करना है जैसे किसी बेहद करीबी का निधन हुआ हो। यही वजह रही कि सीन में नैचुरल इमोशन दिखा और दर्शकों को भी यह बेहद वास्तविक लगा। रजत ने यह भी कहा कि उनके सह-कलाकार दानिश इमोशनल सीन के बाद भी लंबे समय तक उसी जोन में रहते थे, जिससे उन्हें भी अपने अभिनय में गहराई लाने की प्रेरणा मिली। वहीं विक्रम भाम्बरी ने खुलासा किया कि इस सीन के लिए कलाकारों को सुबह ही स्क्रिप्ट दी जाती थी, जिससे वे मानसिक रूप से तैयार हो सकें।

## फिल्म फॉरेस्ट रेंजर की जोरदार तैयारी में जुटी कृष्णा गौतम



**मुंबई (ईएमएस)।** अपनी आने वाली फिल्म फॉरेस्ट रेंजर के लिए एक्ट्रेस कृष्णा गौतम जोरदार तैयारी में जुटी हुई हैं। यह फिल्म फिलहाल प्री-प्रोडक्शन चरण में है। अपने किरदार को पूरी तरह वास्तविक और प्रभावशाली बनाने के लिए अभिनेत्री इन दिनों कड़ी ट्रेनिंग ले रही हैं और खास तौर पर मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) सीख रही हैं। जानकारी के अनुसार, कृष्णा गौतम अपने एक्शन अवतार को विश्वसनीय बनाने के लिए लंबे समय तक ट्रेनिंग सेशन्स में हिस्सा ले रही हैं। इन सत्रों में वह अपनी ताकत, फुर्ती और कॉम्बैट तकनीकों को बेहतर बनाने पर खास ध्यान दे रही हैं। इस कठोर अभ्यास से साफझलकता है कि वह अपने किरदार को पर्दे पर पूरी मजबूती और वास्तविकता के साथ प्रस्तुत करना चाहती हैं।

:अभिनेत्री अपनी एमएमए ट्रेनिंग की झलकियां समय-समय पर सोशल मीडिया पर भी साझा कर रही हैं। इन वीडियोज और तस्वीरों के जरिए उनके प्रशंसकों को यह देखने का मौका मिल रहा है कि किसी एक्शन आधारित किरदार को निभाने के लिए कलाकारों को कितनी मेहनत और तैयारी करनी पड़ती है। उनके ट्रेनिंग सेशन्स में हाई-इंटेंसिटी वर्कआउट, फाइटिंग मूव्स और स्टैमिना बढ़ाने वाले अभ्यास शामिल हैं। कृष्णा गौतम को अपने किरदारों के साथ नए-नए प्रयोग करने के लिए जाना जाता है। इसी कड़ी में 'फॉरेस्ट रेंजर' उनके करियर का एक अलग और चुनौतीपूर्ण प्रोजेक्ट माना जा रहा है। इस फिल्म के जरिए वह पहली बार पूरी तरह एक्शन जॉनर को एक्सप्लोर करती नजर आएंगी।

फिल्म में तेज रफ्तार एक्शन और रोमांचक घटनाओं की भरमार होने की उम्मीद है, जिसके लिए अभिनेत्री का नया ट्रांसफॉर्मेशन पहले ही दर्शकों और फिल्म इंडस्ट्री के लोगों के बीच उत्सुकता पैदा कर चुका है। फिल्म के निर्माताओं की योजना इसे वर्ष 2027 में रिलीज करने की है। हालांकि अभी फिल्म से जुड़ी कई अन्य जानकारियां सामने आना बाकी हैं, लेकिन प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा अभी से तेज हो गई है। दर्शक भी कृष्णा गौतम को इस नए और दमदार अवतार में बड़े पर्दे पर देखने के लिए उत्साहित नजर आ रहे हैं।

## 'दम मारो दम' गाने को झेलना पड़ा था भारी विरोध



**मुंबई (ईएमएस)।** हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर बादशाह का गाना 'टटीरी' और नोरा फतेही व संजय दत्त पर फिल्माया गया 'सरके चुनर' जैसे गाने आलोचना का शिकार हुए। हिंदी सिनेमा में गानों को लेकर उठने वाले ऐसे विवाद कोई नई बात नहीं हैं। अगर इतिहास पर नजर डालें तो 1971 में रिलीज हुई फिल्म हरे रामा हरे ऋष्णा का मशहूर गाना दम मारो दम भी इसी तरह के विवादों के केंद्र में रहा था। देव आनंद और जीनत अमान पर फिल्माया गया यह गीत उस दौर में काफी चर्चित हुआ, लेकिन इसके साथ ही भारी विरोध भी झेलना पड़ा। फिल्म में मुमताज भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आई थीं, जबकि इस गाने को आशो भोसले ने अपनी आवाज दी थी। इस गाने का संगीत आरडी बर्मन ने तैयार किया था और बोल आनंद बक्शी के थे। गाने में जीनत अमान को हिप्पी स्टाइल में चिलम पीते और नशे में डूबी हुई दिखाया गया था, जिसे उस समय समाज के एक बड़े वर्ग ने आपत्तिजनक माना। कई लोगों ने इसे भारतीय संस्कृति के खिलाफबताते हुए आरोप लगाया कि यह युवाओं को नशे की ओर आकर्षित कर सकता है और गलत संदेश देता है।

## अक्षय कुमार की 'बॉस' ने बनाया अनोखा रिकॉर्ड



अपने करियर में बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने कई हिट फिल्मों के साथ कुछ फ्लॉप फिल्मों का भी सामना किया है। अक्षय की एक फिल्म ऐसी रही जिसने बॉक्स ऑफिस पर भले ही निराश किया, मगर एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। यह फिल्म है 'बॉस', जिसने रिलीज के समय खास कमाई नहीं की, लेकिन अपने प्रमोशन के चलते इतिहास रच दिया। फिल्म 'बॉस' में अक्षय कुमार के साथ मिथुन चक्रवर्ती, शिव पंडित, रोनित रॉय और असिन जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे। हालांकि फिल्म को दर्शकों से उम्मीद के मुताबिक प्रतिक्रिया नहीं मिली, लेकिन इसके लिए बनाया गया एक विशाल पोस्टर चर्चा का केंद्र बन गया। दरअसल, अक्षय कुमार के फैन क्लब द्वारा इस फिल्म के प्रमोशन के लिए एक खास पोस्टर तैयार किया गया था। इस पोस्टर को बनाने में करीब चार महीने का समय लगा।

## दिव्यांका और विवेक के घर आने वाला है नया मेहमान



**मुंबई (ईएमएस)।** शादी के करीब दस साल बाद बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी और विवेक दहिया अब अपने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत करने जा रहे है। सोशल मीडिया पर दिव्यांका ने एक खास पोस्ट साझा कर अपनी प्रेग्नेंसी की जानकारी दी, जिसके बाद फैंस और इंडस्ट्री के सितारों की ओर से बधाइयों का तांता लग गया है। हाल ही में कपल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में दिव्यांका अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं, जबकि विवेक हर पल उनके साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। तस्वीरों में दोनों के चेहरे पर माता-पिता बनने की खुशी साफझलक रही है। एक तस्वीर में विवेक दिव्यांका के बेबी बंप पर हाथ रखकर दिल का साइन बनाते दिखते हैं, तो दूसरी में दोनों एक-दूसरे को गले लगाकर मुस्कुराते नजर आते हैं। वहीं एक तस्वीर में कपल छोटे बेबी शूज के जरिए आने वाले नन्हे मेहमान का संकेत देता दिखाई देता है। इन तस्वीरों में दोनों ने व्हाइट कलर की ट्विनिंग आउटफिट पहनी है, जो उनकी खुशी को और भी खास बना रही है। फैंस इन तस्वीरों को खूब पसंद कर रहे हैं और सोशल मीडिया पर तेजी से शेयर भी कर रहे हैं। पोस्ट के साथ कपल ने एक इमोशनल कैप्शन भी लिखा। उन्होंने कहा कि ÷10 साल बाद हमारी कहानी में एक नया मोड़ आया है। कुछ सफर जल्दी पूरे नहीं होते, बल्कि उन्हें साथ मिलकर जीना और समझना होता है। जब आपको लगता है कि कहानी पूरी हो गई है, तब जिंदगी उसमें सबसे खूबसूरत अध्याय जोड़ देती है।÷ उन्होंने आगे लिखा कि वे इस पल को पूरी तरह महसूस कर रहे हैं और उनके दिल कृतज्ञता से भरे हुए हैं। दिव्यांका और विवेक की यह खबर उनके फैंस के लिए किसी सरप्राइज से कम नहीं है।

### जीसीएफ में अगले सत्र से बनेगी माउंटेड धनुष तोप, ऑपरेशन सिंदूर में बेहतर प्रदर्शन के बाद सेना का फैसला

# पांच साल के लिए सेना देगी 300 'धनुष' तोपों का इनडेंट

यश भारत विशेष



**जबलपुर, यश भारत।**

संस्कारधानी जबलपुर की सबसे पुरानी निर्माणी गन कैरिज फैक्ट्री (त्रष्टस्न) को भारतीय सेना की ओर से अगले सत्र 2026-27 से आगामी पांच वर्ष के 300 'धनुष' तोपों का मांग पत्र देने का पूरी तरह मन बना लिया है। अभी तक स्वतंत्र रूप से केवल जीसीएफ ही इसका निर्माण कर रही थी। लेकिन अब एल एन टी कंपनी की सहभागिता से माउंटेड धनुष गन बनाई जायेगी। जीसीएफ ने एक प्रोटोटाइप यानि माडल बना लिया है।बड़ा रक्षा सूत्रों के अनुसार, इस संबंध में प्रक्रिया अंतिम चरण में है और जल्द ही इस पर औपचारिक मुहर लग सकती है।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' में दमदार प्रदर्शन

भारतीय सेना द्वारा किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान जबलपुर में निर्मित 'धनुष' तोपों का इस्तेमाल किया गया था। इस ऑपरेशन में तोपों की सटीक मारक क्षमता और विश्वसनीयता ने सेना का भरोसा और मजबूत किया। धनुष तोप की खूबी यह है कि इसमें 99 फीसदी पुर्जे स्वदेशी हैं।जो आत्म निर्भर भारत की सोच को और ऊंचाई पर ले जाती है। मैदानी सफल प्रदर्शन के बाद अब जीसीएफको बड़े ऑर्डर की उम्मीद और बढ़ गई है।

## धनुष' तोप की खासियत

धनुष 155 मिमी, 45 कैलिबर की अत्याधुनिक तोप है, जिसकी मारक क्षमता 38 से 42 किलोमीटर तक है। इसमें 95 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी तकनीक का उपयोग किया गया है, जो 'मेक इन इंडिया' अभियान को मजबूती देता है।

**सेना और शहर—दोनों को होगा फायदा-** यदि यह ऑर्डर स्वीकृत होता है तो भारतीय सेना की आर्टिलरी क्षमता में बड़ा इजाफा होगा।वहीं, जबलपुर में उत्पादन बढ़ने से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और शहर की पहचान देश के प्रमुख रक्षा निर्माण केंद्र के रूप में और मजबूत होगी।

## 2012 के ऑर्डर में प्रदर्शन बना आधार

दरअसल, साल 2012 में फैक्ट्री को 114 धनुष तोपों का ऑर्डर मिला था, जिसका डिलीवरी टारगेट 10 वर्षों का तय किया गया था। अब तक 54 तोपों की डिलीवरी की जा चुकी है, जबकि 19 तोपें डिलीवरी के लिए तैयार हैं। इस तरह फैक्ट्री 60 प्रतिशत से अधिक उत्पादन और सप्लाई का प्रदर्शन कर चुकी है। सेना का भी कहना था कि यदि धनुष तोप का पचास फीसदी आर्डर पूरा होता है तो अगले पांच साल के लिए आर्डर दिया जाएगा।जो उसके भरोसे को मजबूत करता है। इसी प्रदर्शन पर टिका नया बड़ा ऑर्डर फैक्ट्री के इसी बेहतर प्रदर्शन के आधार पर अब यह उम्मीद जताई जा रही है कि प्रस्तावित 300 धनुष तोपों का ऑर्डर भी जबलपुर की GCF को मिल सकता है।



# सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग का जबलपुर आगमन

## युवक-युवती परिचय सम्मेलन में हुए शामिल

**जबलपुर, यश भारत।** प्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग रविवार 22 मार्च को सुबह 11 बजे भोपाल से कार द्वारा जबलपुर पहुंचे। शहर आगमन के बाद उन्होंने विजय नगर स्थित वर्मा बारात घर में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा महाकौशल प्रांत द्वारा आयोजित 32वें विराट युवक-युवती परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सारंग ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को पारिवारिक और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का काम करते हैं। युवक-युवती परिचय सम्मेलन जैसे मंच आपसी समझ, विश्वास और सामाजिक समरसता को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने उपस्थित युवक-युवतियों को संबोधित करते हुए जीवन में सही निर्णय लेने, परिवार के संस्कारों को आगे बढ़ाने और समाज के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने की बात कही। साथ ही आयोजन में शामिल सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कायस्थ समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में युवक-युवतियां एवं उनके परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ परिचय सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने-अपने विचार साझा किए।

# फिंगर प्रिंट की मदद से सुलझी ड्रीम सिटी की चोरी, दो गिरफ्तार

## रिटायर्ड बीएसएनएल कर्मचारी के घर हुई थी 4.75 लाख की चोरी

**जबलपुर, यशभारत।**

**ड्रीम सिटी में रिटायर्ड बीएसएनल कर्मचारी के घर हुई 4.75 लाख की चोरी बरेला पुलिस ने फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की मदद से सुलझा ली है। मामले में एक बालक समेत दो को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से सोने-चांदी के जेवर और कीमती सोनी कैमरा सहित कुल 4.75 लाख रुपये का सामान बरामद किया गया है।**



थाना प्रभारी बरेला शुभम सिंह ठाकुर ने बताया कि ड्रीम सिटी पडरिया निवासी रविकांत चावरिया (63) बीएसएनएल से सेवानिवृत्त हैं, 25 अगस्त 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी के मुताबिक 24 अगस्त की रात वे अपने परिवार के साथ सदर स्थित पुराने घर गए थे। अगले दिन सुबह जब उनके बेटे देवांश और बहू आस्था घर पहुंचे, तो देखा कि मुख्य द्वार, कमरों और अलमारी के लॉकर टूटे हुए थे। अज्ञात चोरों ने घर से सोने-चांदी के पुराने जेवर, 30 हजार रुपये नकद और एक सोनी कंपनी का कैमरा पार कर दिए थे। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस कंट्रोल रूम जबलपुर की फिंगर प्रिंट शाखा को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए। फिंगर प्रिंट रिपोर्ट के आधार पर संदेहियों को चिन्हित किया गया, जिससे पुलिस एक 17 वर्षीय किशोर तक पहुँच गई। पुलिस अभिरक्षा में लिए गए किशोर ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल किया। उसने बताया कि उसने अपने दोस्त मोहित कोरी उर्फ अनुज (19 ) निवासी कुडार्क टाउनशिप तिलहरी के साथ मिलकर इस चोरी को अंजाम दिया था।

# मच्छरों का आतंक, लोग परेशान, स्वास्थ्य विभाग ने कसी कमर, फॉगिंग शुरू

**जबलपुर, यश भारत।**



शहर में मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। शाम होते ही शहर के कई इलाकों में मच्छरों का आतंक बढ़ जाता है और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के खतरे के बीच लोग अब खुद ही बचाव के उपाय अपनाने को मजबूर हैं।

हाल ही में सिहोरा क्षेत्र में मच्छर भगाने के लिए जलाई गई अगरबत्ती से कार में आग लगने की घटना सामने आई, जिसमें एक व्यक्ति की जान चली गई। इस घटना ने लोगों को सतर्क जरूर किया है, वहीं यह भी दिखाया है कि मच्छरों से राहत पाने के लिए लोग किस हद तक जोखिम उठा रहे हैं। विक्टोरिया अस्पताल में निर्माण कार्य के चलते फैली अव्यवस्था भी मरीजों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। यहां मच्छरों और गंदगी के कारण मरीजों और उनके परिजनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, हालांकि व्यवस्थाओं को सुधारने के प्रयास जारी हैं।



शहर के शताब्दिपुरम, यादव कॉलोनी, स्नेह नगर, रानीताल, राइट टाउन और अन्य क्षेत्रों में गंदगी और जलभराव के कारण मच्छरों की संख्या बढ़ी है। नालियों में जमा सिल्ट और पानी निकासी की समस्या से मच्छरों के लार्वा तेजी से पनप रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नियमित फॉगिंग और कीटनाशक छिड़काव की कमी से स्थिति और बिगड़ रही है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग अधिकारी अंकिता वर्मन का कहना है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और जरूरत के अनुसार फॉगिंग व दवा छिड़काव किया जा रहा है। विभाग के अनुसार शहर में उपलब्ध मशीनों और टीमों को सक्रिय रखा गया है और जैसे ही किसी क्षेत्र में प्रकोप बढ़ेगा, वहां तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

### ईद का त्योहार मानने पैतृक गांव गया था परिवार, घर में हुई चोरी

# साढ़े पांच लाख नकदी, आभूषण ले गए चोर

**जबलपुर, यशभारत।**



खितौला थाना अंतर्गत वार्ड न. 9 मुण्डी टोरिया में रहने वाले व्यापारी के सूने घर को बेखौफचोरों ने निशाना बनाते हुए साढ़े पांच लाख रूपए नगद समेत लाखों रूपए के जेवरात पार कर दिए। चोरों ने वारदात को उस वक्त अंजाम दिया जब परिवार ईद का त्योहार मनाने के लिए पैतृक गांव गोसलपुर गया हुआ था। शनिवार को जब परिवार वापिस लौटा तो उनके होश ही उड़ गए। पुलिस के मुताबिक शनिवार शाम मोह. इरफान खान 39 वर्ष निवासी वार्ड न. 9 मुण्डी टोरिया ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसका पैतृक निवास गोसलपुर में है वह मोबाईल एवं कपड़े का व्यापार करता है ईद का त्योहार होने से शुक्रवार रात्रि 11-30 बजे परिवार सहित गोसलपुर चला गया था, इसी दौरान चोरों ने घर का ताला तोडक़र नगदी और जेवरात पार कर दिए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मौके से अहम साक्ष्य जुटाते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है। पीड़ित इरफान के मुताबिक शनिवार सुबह लगभग 7-30 बजे अपने मोबाईल पर घर में लगे सीसीटीव्ही कैमरे को मोबाईल में देखा घर के बाहर खडी स्कूटी क्रमांक एमपी 20 जेड डम्ल्यू 7193 नहीं दिखी तो उसे लगा कि घर में चोरी हो गयी। वे घर पहुंचा तो देखा सामान बिखरा एवं अलमारी का लॉकर टूटा था।

**डेढ़ तोला का हार, एक तोला की झुमकी भी ले गए-** पीड़ित ने बताया कि लॉकर में स्टील के डिब्बे में रखे नगद 5 लाख 50 हजार रूपये, सोने का 1 हार वजनी डेढ तोला, झुमकी 1 तोला, 1 अंगूठी चांदी की 2 कटोरी, 2 जोडी पायल, इसके साथ ही कुछ और नगदी रूपये गायब थे। अज्ञात चोर सूने मकान का ताला तोडकर नगदी रूपये सहित सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गया है।






# न्यूरोसाइंस सोसाइटी जबलपुर में नई टीम का गठन, डॉ. हर्ष सक्सेना बने अध्यक्ष

**जबलपुर,यशभारत।**



जबलपुर में न्यूरोसाइंस सोसाइटी जबलपुर के चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए। यह आयोजन क्षेत्र में न्यूरोलॉजिकल सेवाओं और अकादमिक गतिविधियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। चुनाव में डॉ हर्ष सक्सेना को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया, जो उनके नेतृत्व पर सदस्यों के विश्वास को दर्शाता है। उनके साथ डॉ पवन सोनी उपाध्यक्ष, डॉ प्रशांत कुशवाहा सचिव, डॉ अनुमिति जैन संयुक्त सचिव तथा डॉ अमितेश दुबे कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। नई कार्यकारिणी ने जबलपुर में न्यूरोसाइंस के क्षेत्र को आगे बढ़ाने, आधुनिक तकनीकों को अपनाने, शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और मरीजों को किफायती एवं बेहतर उपचार उपलब्ध कराने का संकल्प व्यक्त किया। साथ ही एक वैज्ञानिक समिति का गठन किया गया है, जिसमें डॉ तरुण नागपाल, डॉ आशीष टंडन, डॉ जितिन बजाज, डॉ नम्रता चौहान एवं डॉ सुधांशु अग्रवाल शामिल हैं, जो अनुसंधान एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों को दिशा देंगे। इस अवसर पर डॉ अलोक अग्रवाल, डॉ एमएस जोहरी , डॉ अनुपम साहनी , डॉ अखिलेश श्रोती एवं डॉ अरुण सहित कई वरिष्ठ चिकित्सकों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिसने आयोजन की महत्ता को और बढ़ाया।












## स्कूल संचालिका के घर से नकदी और जेवर पार

**जबलपुर, यशभारत।** तिलवारा अंतर्गत शास्त्रीनगर क्षेत्र में स्कूल संचालिका के घर से चोरों ने नकदी और जेवर पार कर दी। पुलिस ने बताया कि शास्त्रीनगर निवासी श्रीमती आभा दुबे चाइल्ड केयर प्ले नर्सरी स्कूल की संचालिका हैं, उनके पति गंभीर रूप से अस्वस्थ थे, जिन्हें 9 मार्च को ओमेगा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। देखभाल के लिए श्रीमती दुबे और उनका बेटा राहुल अधिकांश समय अस्पताल में ही रहते थे। पूरा परिवार घर में ताला लगाकर अस्पताल चला गया था। सुबह करीब 6:30 बजे जब माँ-बेटा घर वापस लौटे, तो उन्हें मुख्य दरवाजा खुला मिला। अंदर जाकर देखा तो हॉल का ताला टूटा हुआ था और बेडरूम की अलमारी का लॉकर काटकर चोरों ने सारा कीमती सामान साफकर दिया था। पीड़ित पक्ष के अनुसार चोरों ने अलमारी में रखे सोने की एक जोड़ी झुमकी, एक अंगूठी और स्कूल की फीस, बिल्डिंग रेंट फंड सहित बड़ी मात्रा में नकदी चोरी कर ली।
















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा. लि. प्लांट 18 इंडस्ट्रियल एरिया रिछाई, जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम विवेकानंद वार्ड जबलपुर से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक प्रवीण अग्रहरि, संपादक अम्बरीष तिवारी*, सलाहकार संपादक श्याम कटारे RNI No. MPHIN/2007/18675। फोन-2643333 email - jabalpur@yashbharat.co.in। ( *पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2025-27 ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)